तापमान

अधिकतम 30.6 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026



आईजी तिराहा से रजिस्ट्री कार्यालय जाने वाली सड़क पर अवैध पार्किंग।



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
29 जुलाई 2026
कूपन नं.
9

### बाघ दिवस पर कार्यक्रम बैगा रिसार्ट में आज

**बिलासपुर।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में 29 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन शिवतराई के बैगा रिसार्ट में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव, अतिविशिष्ट अतिथि विधायक पुन्नू लाल मोहले, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह आदि मौजूद रहेंगे।

# एटीआर में बढ़ा बाघों का कुनबा, 6 से बढ़कर 18 हुई संख्या

बाघ दिवस विशेष

मनीष वर्मा ⏭ बिलासपुर



■ कान्हा और बांधवगढ़ से आए बाघों को भी रास आया अचानकमार का जंगल

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की दहाड़ अब पहले से कहीं ज्यादा सुनाई देने लगी है। कभी महज छह बाघों की मौजूदगी वाले इस टाइगर रिजर्व में अब इनकी संख्या बढ़कर 18 से अधिक हो गई है। इनमें कान्हा और बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से आए बाघ भी शामिल हैं। एटीआर का जंगल और यहां का अनुकूल वातावरण इन बाघों को खूब रास आ रहा है। बाघों की बढ़ती संख्या के साथ ही एटीआर में अन्य वन्यप्राणियों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है।

पूरे देश में बाघ संरक्षण और उनकी संख्या के आकलन के आधार पर अचानकमार टाइगर रिजर्व को केंद्र से 70 फीसदी से अधिक अंक मिले हैं। वर्ष 2018 में एटीआर को 63 फीसदी अंक मिले थे। इस लिहाज से रिजर्व के प्रदर्शन में करीब सात फीसदी का सुधार दर्ज किया गया है। बाघों की बढ़ती संख्या और उनके अनुकूल हो रहे रहवास को इस उपलब्धि का प्रमुख आधार माना जा रहा है। कुछ समय पहले दिल्ली स्थित ग्लोबल टाइगर फोरम की तीन सदस्यीय टीम ने अचानकमार टाइगर रिजर्व का दौरा किया था। सेवानिवृत्त आईएफएस एवं कान्हा टाइगर रिजर्व के पूर्व फील्ड डायरेक्टर डॉ. राजेश गोपाल के नेतृत्व में विशेषज्ञ एचएस नेगी और मोहनीश कपूर ने एटीआर के विभिन्न क्षेत्रों का सर्वे किया। टीम ने लमनी, छपरवा और अचानकमार रेंज सहित उन इलाकों का जायजा लिया, जहां बाघों की आवाजाही दर्ज की जाती है।

टीम ने उन संभावित क्षेत्रों का भी आकलन किया, जहां भविष्य में दूसरे टाइगर रिजर्व से बाघों को लाकर बसाया जा सकता है। विशेषज्ञों ने एटीआर प्रबंधन से कुछ अतिरिक्त आंकड़े और ⏭शेष 3 पर

### डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया ने भी की थी समीक्षा

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया ने भी अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों और उनके शिकार की जनसंख्या स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की थी। यह रिपोर्ट डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया और छत्तीसगढ़ वन विभाग द्वारा की गई गणना के आकलन पर आधारित थी। रिपोर्ट में अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार सामने आया था। अध्ययन के अनुसार, कई वर्षों तक एटीआर में बाघों की संख्या लगभग पांच के आसपास बनी हुई थी। दिसंबर 2023 में किए गए कैमरा ट्रैप सर्वेक्षण में करीब 10 बाघ दर्ज किए गए थे। इनमें कुछ बाघ ऐसे भी थे, जो समीपवर्ती बांधवगढ़ और कान्हा टाइगर रिजर्व से यहां पहुंचे थे। पगमार्क और अन्य साक्ष्यों के आधार पर इन बाघों की पहचान की गई थी। इसके बाद एटीआर में बाघों की कुल संख्या बढ़कर 18 से अधिक हो गई। बांधवगढ़ से एटीआर पहुंची एक बाघिन यहां अब तक चार शावकों को जन्म दे चुकी है। मध्य भारत में स्थित अचानकमार टाइगर रिजर्व छत्तीसगढ़ के तीन प्रमुख टाइगर रिजर्व में शामिल है और बाघ संरक्षण की दिशा में लगातार मजबूत स्थिति बना रहा है।

### ट्रैप कैमरों में कैद हुई बाघों की मौजूदगी

अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन के अनुसार, जंगल में मौजूद 18 बाघों और बाघिनों की पहचान कर उनकी नंबरिंग की गई है। इन सभी की तस्वीरें ट्रैप कैमरों में कैद हो चुकी हैं। हालांकि, एटीआर का जंगल आसपास के कई वन क्षेत्रों से जुड़ा होने के कारण बाघों का मूवमेंट लगातार होता रहता है। ऐसे में उनकी संख्या और लोकेशन में बदलाव भी स्वाभाविक है। वर्तमान में एटीआर क्षेत्र में करीब 18 बाघों की मौजूदगी दर्ज की गई है।

### वन्यप्राणियों के लिए अनुकूल वातावरण

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की बढ़ती संख्या के साथ अन्य वन्यप्राणियों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। एटीआर का जंगल वन्यप्राणियों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराता है। उनके लिए चरागाह और पर्याप्त आहार की व्यवस्था के साथ अन्य जरूरी प्रयास भी किए जा रहे हैं। बाघों और अन्य वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए 24 घंटे पेट्रोलिंग स्टाफ तैनात है। ट्रैप कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है और ग्रामीणों को भी वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

- **अभिनव कुमार,** प्रभारी डीएफओ अचानकमार टाइगर रिजर्व

### गुरु घासीदास-तमोर पिंगला का माहौल भी अनुकूल

कोरिया जिले में स्थित गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला अभयारण्य को मिलाकर अधिसूचित गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व अब देश के 56 वें टाइगर रिजर्व के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुका है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है और देश के प्रमुख बड़े टाइगर रिजर्वों में भी शामिल है।

वर्तमान में रिजर्व क्षेत्र में चार से पांच बाघों की नियमित मौजूदगी के प्रमाण मिले हैं। वन विभाग का मानना है कि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र बाघ संरक्षण के एक मजबूत केंद्र के रूप में विकसित होगा। इसके साथ ही कोरिया और एमसीबी जिलों को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बाघों के सुरक्षित आवागमन के लिए प्राकृतिक कॉरिडोर उपलब्ध हैं। बाघों के रहवास को सुरक्षित रखने और उनकी संख्या बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक, नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में यह टाइगर रिजर्व मध्य भारत में बाघ संरक्षण और वन्यजीव पर्यटन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।

## झमाझम बारिश के बाद 2 दर्जन इलाकों में बंद रही बिजली

# तार टूटने के कारण 4 घंटे बंद रही बिजली, फ्यूजकॉल छोड़ भागे कर्मी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने एक बार फिर शहर की बिजली व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी। इस दौरान कुदुदंड में तार टूटने के कारण 4 घंटे तक बिजली बंद रही, वहीं लिंकरोड जोन के अंतर्गत पीजीबीटी कालेज फ्यूज कॉल के कर्मचारी भाग खड़े हुए, ऐसे में उपभोक्ताओं की शिकायत पर घंटों बाद भी मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है, जिससे लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी है।

मंगलवार की शाम हुई झमाझम बारिश के बाद बिजली विभाग ने पहले एतिहात के कारण 33 केवी लाइन बंद कर दिया लेकिन बारिश थमने के बाद सप्लाई शुरू करते ही शहर के एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में बिजली बंद रही है। इस दौरान नेचर सिटी में ट्रांसफार्मर का डियो गिरने के चलते करीब 4 घंटे बिजली बंद रही, वहीं कुदुदंड के तुलजा भवानी मंदिर के पास तेज हवाओं के झोकों की चपेट में आने के कारण बिजली सप्लाई ठप रही, इस दौरान कर्मचारियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। इस प्रकार करबला, जूना बिलासपुर, टिकरापारा, सरजू बगीचा, मध्यनगरीय चौक, तोरवा, अशोक नगर, चांटीडीह जैसे जगहों पर करीब 4 से 5 घंटे बिजली रही, बारिश थमने के बाद भी बिजली विभाग द्वारा मसय पर मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, जिससे उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ा है।

### फ्यूज कॉल में नहीं उठा फोन

टिकरापारा और करबला में 3 घंटे से अधिक बिजली बंद होने के बाद उपभोक्ता लिंक रोड के पीजीबीटी कालेज स्थित फ्यूज कॉल सेंटर पहुंचे। इस दौरान कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। इसके बाद लोगों ने जेई और एई को भी फोन लगाया लेकिन किसी ने भी फोन रिसीव नहीं किया है।



### सड़कों पर बहता रहा पानी

लाख कोशिशों के बाद भी मसानगंज सड़क पर बारिश का पानी जाम हो रहा है। इस दौरान नगर निगम ने स्लैब तोड़ कर नालियों की सफाई कराई है लेकिन इसके बावजूद नालियां जाम है और सड़क से होकर नालियों का पानी बह रहा है। इससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है।

### कंपनी गार्डन भी लबालब



### दिन भर उमस ने किया बेहाल शाम होते ही झमाझम बारिश

मौसम विभाग के अलर्ट के बाद मंगलवार को सुबह से ही बारिश थमी रही, इस दौरान महज बुंदाबांदी ही दर्ज की गई और बीच-बीच में धूप भी खिल रही, जिसके चलते उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। वहीं शाम होते-होते एक बार फिर काली घटाओं ने आसमान को ढक लिया और महज आधे घंटे की बारिश के बाद शहर तरबतर हो गया हालांकि इसके बाद भी उमस में कमी नहीं आई है। मंगलवार को जहां तड़के बारिश होती रही, वहीं सुबह 7 बजे के बाद बारिश अचानक थम गई, इसके बाद सूरज ने भी आसमान पर दस्तक दी और गर्मी व उमस के कारण लोगों को परेशान होना पड़ा, इस दौरान आर्द्रता 97 के आसपास रही है। वहीं मंगलवार दरमियानी रात में करीब 52 सेमी बारिश दर्ज की गई, जबकि नजदीक के जिलों अधिक बारिश दर्ज की गई है। शाम के 5 बजे अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और काली घटाएं छाने लगी, तेज हवाओं के साथ आधे घंटे तक तेज बारिश होती रही है। अचानक हुई बारिश के बाद लोग ठहरने की जगह ढुढ़ते रहे लेकिन इसके बाद बारिश थम गई और लोग अपने गंतव्य तक पहुंच सके।

### अवदाब का प्रभाव

उड़ीसा और पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने अवदाब का गहरा असर देखा जा रहा है। अगले 2 दिनों तक मौसम इसी प्रकार का रह सकता है। बताया गया है कि अवदाब 12 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। वहीं मानसून द्रोणिका अनूपगढ़, पिलानी, हमीरपुर, डाल्टनगंज, उड़ीसा सहित झारखंड से सटे इलाकों में बनी हुई है।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण मामला

# आधी-अधूरी जानकारी देकर पल्ला झाड़ रहे पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ ज्यादातर हल्कों की जानकारी वापस

■ जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश

शासकीय भूमि पर बेजा-कब्जे का पता लगाने कलेक्टर के निर्देशानुसार जानकारी तैयार की जा रही है। दिक्कत यह है कि ज्यादातर पटवारी इसे सिरदर्द समझकर अपेक्षित जानकारी देने के बजाए सतही जानकारी देकर पल्ला झाड़ रहे हैं। प्रस्तुत, लेकिन भू-अभिलेखा शाखा द्वारा तथ्यहीन जानकारियों को तत्काल वापस करते हुए तीन बिदुओं पर चाही गई ठोस जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

शासकीय भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण पर सख्ती बरतने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के समस्त हल्का पटवारियों से तीन बिंदुओं पर ठोस जानकारी चाही गई है, ताकि स्पष्ट जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा सके। इसके विपरीत पटवारियों के द्वारा जानकारी को आनन-फानन में प्रस्तुत कर छुट्टी पाने के उद्देश्य से ऐसी जानकारी भेज दी गई है, जो जिला प्रशासन के किसी काम की नहीं है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 1983 में खसरा-पांचसाला नामक व्यवस्था प्रारंभ की गई थी, लेकिन इससे पहले 1955 से 1983 के बीच के रिकार्ड अप्राप्त हैं।

ऐसे में इन 28 वर्षों के रिकार्ड का भी पता लगाना अति आवश्यक है। प्रशासन द्वारा फिलहाल ऐसे हल्के जहां से आधी-अधूरी जानकारी भेजी गई थी, उन्हें उनकी जानकारी वापस करते हुए तीन बिंदुओं की अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत करने को कहा गया है। ज्ञात हो कि प्रशासन द्वारा विभिन्न रोस्टरों में इस जानकारी के लिए कुल डेढ़ महीने का समय तय किया गया था, जिसमें से पंद्रह दिनों से भी अधिक का समय बीत चुका है।

### 3 बिंदुओं पर चाही गई जानकारी

जिला प्रशासन द्वारा जिन तीन बिंदुओं पर जानकारी चाही गई है, उनमें किसी भी शासकीय भूमि को निजी भूमि के रूप में कैसे व कब बदला गया। वर्तमान में कितनी शासकीय भूमि रिक्त व कितनी अतिक्रमित है, एवं तीसरा बिंदु अगर किसी भूमि पर अतिक्रमण है, तो किस प्रकार का अतिक्रमण किया गया है?

### ठोस जानकारी मांगी गई

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जिले के प्रत्येक हल्के से तीन बिंदुओं पर ठोस जानकारी चाही गई है, जबकि कई हल्कों से सामान्य जानकारी भेज दी गई थी, जिन्हें वापस कर अपेक्षित जानकारी प्रस्तुत करने को कहा गया है।

- **केएस यादव,** अधीक्षक भू-अभिलेख

# सर्पदंश मुआवजा मामले में सात तहसीलदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्पदंश मुआवजा वितरण मामले में जिले में पदस्थ सात वर्तमान एवं पूर्व तहसीलदारों को नोटिस जारी किया गया है। ज्ञात हो कि सरकंडा थाने से तहसीलदारों के व्हाट्सएप नंबरों पर भेजे गए नोटिस में थाने आकर अपना कथन व बयान दर्ज कराने की बात लिखी गई थी। हालांकि आज दिनांक तक किसी भी तहसीलदार ने थाने पहुंचकर अपना बयान दर्ज नहीं कराया है।

बहुचर्चित सर्पदंश मुआवजा वितरण मामले में सरकंडा थाने से सात तत्कालीन एवं वर्तमान तहसीलदारों को नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस संबंधित तहीलदारों के व्हाट्सएप नंबरों पर भेजे गए हैं, जिसमें थाने आकर सर्पदंश मुआवजा वितरण के संबंध में अपना कथन व बयान दर्ज कराने की बात लिखी गई है। सरकंडा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नोटिस भेजने के बाद किसी भी तहसीलदार के द्वारा आज दिनांक तक अपना बयान दर्ज नहीं कराया गया है।

### मुकरता रहा राजस्व विभाग

इस संबंध में कई राजस्व विभाग के कई अधिकारियों से बात की गई, लेकिन सारे अधिकारी व कर्मचारी ने ऐसा कोई नोटिस मिलने से साफ इंकार कर दिया। इतना ही नहीं, बल्कि जारी नोटिस के संबंध में सभी ने चुप्पी साध रखी है। ऐसा माहौल बनाया जा रहा है जैसे किसी को इस संबंध में कोई जानकारी ही नहीं है।

### बयान दर्ज कराने कहा है

नोटिस नहीं मिला है। केवल कथन दर्ज कराने की बात लिखी गई है। आने का दिनांक पूछने पर फिलहाल थाने से ही अभी नहीं आने, लेकिन जरूरत पड़ने पर आने की सूचना देने की बात कही गई है।

- **प्रकाशचंद साहू,** तहसीलदार बिलासपुर

### बीमार वकील को भर्ती कराकर लिया गया बयान

फर्जी सर्पदंश के मामले में फरार बीमार वकील को हिरासत में लेने के बाद हास्पिटल में भर्ती कराकर पूछताछ कर बयान दर्ज किया गया है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया कि दो फर्जी सर्पदंश के मामले में पेण्डारी निवासी वकील श्रवण वस्त्रकार के खिलाफ मामला दर्ज है। पूर्व में पुलिस उसे पकड़ने उसके घर गई तो वह बीमार था, जिससे उसकी गिरफ्तारी नहीं की गई थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर 28 जुलाई को पुलिस ने घर से बीमार वकील को हिरासत में लेकर हास्पिटल में भर्ती कराकर उसका बयान दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी वकील लकवाग्रस्त है। ज्ञात हो कि उक्त मामले में पिछले दिनों तोरवा पुलिस ने फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने वाली नागपुर से पूर्व सिम्स के डाक्टर प्रियंका सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज गया था।

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre

श्री विजय वंदना
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर

बालको मेडिकल सेंटर के
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल)
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी

30 जुलाई 2026, दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक
स्थान : श्री विजय वंदना इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साईंसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर
श्रीवास भवन के पास, श्री लक्ष्मी पेट्रोल पंप के पीछे, मिनोचा कॉलोनी बिलासपुर



कैंसर विशेषज्ञ से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. यशवंत कश्यप
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MD (जनरल मेडिसिन), DM (मेडिकल ऑन्कोलॉजी)
वरिष्ठ सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजी,
हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन
बालको मेडिकल सेंटर

यदि आपको इनमें से कोइ भी लक्षण है तो आज ही डॉक्टर से मिलें
- स्तन में गाँठ
- असामान्य गाँठ या उभार
- मुँह में बदलाव या आवाज में भारीपन
- निगलने में कठिनाई
- लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
- ठीक न होने वाले छाले/घाव
- बार-बार बुखार या संक्रमण
- पेट में दर्द या जी मिचलाना
- पेट फूलना
- खून की कमी
- त्वचा (स्किन) में बदलाव
- वज़न में बिना कारण कमी
- मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
- मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द

अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7471130319
828282 4444
balcomedicalcentre.com

## खबर संक्षेप

### डीएवी स्कूल में छात्र परिषद का गठन



**बिल्हा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में छात्र परिषद का गठन किया गया। जिसमें निर्णायक समिति ने छात्रों को स्कूल कैप्टन, कल्चरल कैप्टन और स्पोर्ट्स कैप्टन का चुनाव किया गया। माधवी साहू, स्कूल कैप्टन, दिव्या बरगाह उप-स्कूल कैप्टन, हिमांशु महिलांगे स्कूल कैप्टन, गौरव कौशिक उप-स्कूल कैप्टन, सांस्कृतिक कैप्टन एवं उप-सांस्कृतिक कैप्टन तनिषा ढिंढे ,सांस्कृतिक कैप्टन ,कृतिका मौर्य, उप-सांस्कृतिक कैप्टन , रूपेश बंजारे सांस्कृतिक कैप्टन, तन्मय कोशले उप-सांस्कृतिक कैप्टन, खेल कैप्टन एवं उप-खेल कैप्टन में पल्लवी कोशले खेल कैप्टन, ज्योति पाल, उप-खेल कैप्टन, संभव शर्मा खेल कैप्टन , हिमांशु बरगाह उप-खेल कैप्टन नियुक्त किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस एन पाण्डेय ने कहा कि चयनित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। यह पद सम्मान के साथ-साथ उत्तरदायित्व का भी प्रतीक है। आप सभी अनुशासन, नेतृत्व, सेवा, सहयोग और ईमानदारी के गुणों को अपनाते हुए विद्यालय के आदर्श प्रतिनिधि बनें। अपने साथियों की समस्याओं को समझें, विद्यालय की गरिमा बनाए रखें तथा सभी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएँ। मुझे विश्वास है कि आपकी मेहनत और समर्पण विद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### बाल कैबनेट का गठन,बच्चों ने सीखी लोकतंत्र की प्रक्रिया



**लोरमी।** ग्राम लगरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल कैबनेट का गठन किया गया। इसमें कक्षा नायक,उपनायक से लेकर शाला नायक तक का चुनाव किया गया। प्रारंभ में कक्षा नायक एवं उप कक्षा नायकों का चयन किया गया। फिर इन्हीं के द्वारा ही शाला नायक,उप शाला नायक एवं शाला नायक धनंजय चंद्राकर,उप शाला नायक कु.देवकी यादव, वित्त मंत्री देवचंद यादव, खेलमंत्री आनंद कुमार, शिक्षा मंत्री दीपक साहू, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री .हितेश्वरी सोनकर, पर्यावरण मंत्री .भुवनेश्वरी तथा अनुशासन एवं कानून मंत्री .प्रियंका विश्वकर्मा का चुनाव हुआ। कक्षा नायक एवं उप नायक के रूप में कक्षा 9वीं से .गायत्री चंद्राकर एवं विनोद कुमार पटेल कक्षा 10वीं से जैकी यादव एवं कु.किरण पटेल कक्षा 11वीं कला से लक्ष्मी मरकाम एवं शिवचंद यादव कक्षा 11वीं विज्ञान से .श्रद्धा उइके एवं .पल्लवी चंद्राकर चुने गए। इस अवसर पर प्रधान पाठक अशोक राजपूत,शिक्षक बीरबल सोनकर,अरूनाभ मित्रा, रूपा चंद्राकर, अजय कुमार राठौर सहित आशुतोष जायसवाल, सद्दाम हुसैन, सत्यप्रकाश,दशोमति ध्रुव तथा छात्रसंघ प्रभारी साहूकार अनंत का योगदान रहा।

### भाजपा नेता के घर पहुंचे साव नवदम्पत्ती को दिया आशीर्वाद



**पथरिया।** उपमुख्यमंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव अपने एक दिवसीय प्रवास पर पथरिया पहुंचे। जहाँ नव नियुक्त एल्डरमेन के शपथ ग्रहण समारोह मे शामिल हुये। इसके बाद नगर के समीपस्थ गांव जुनवानी के पूर्व सरपंच एवं पुराने मित्र भरतलाल साहू के निवास पहुंच कर स्वल्पाहार किआ। जहां भरतलाल साहू के ज्येष्ठ पुत्र अवधेश और पुत्रवधु को नवदाम्पत्य जीवन की शुभकामनायें देते हुये आशीर्वाद प्रदान किया। उइनके साथ बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, क्रेड़ा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डेय, गणेश सोनी, रघुनंदन करमाकार, सभापति प्रतिनिधि ओमू दीवान, गणेश सोनी ,रामगोपाल वर्मा, के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे। मेजबान भरतलाल साहू ने आभार व्यक्त किया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व हेपेटाइटिस दिवस जागरूकता कार्यक्रम



**लोरमी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोरमी में आज विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया । इसका उद्देश्य लोगों का जीवन बचाने वाली स्वास्थ्य सेवाएं के बीच की बाधा को दूर करना है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 50 बिस्तर अस्पताल में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जी एस दाऊ ने हेपेटाइटिस बी के बारे में मरीजों को जानकारी दी एव स्वास्थ्य के प्रति सहज रहने की सलाह दी । इस अवसर पर प्रमुख रूप से लोरमी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जी एस दाऊ , शैलेंद्र पांडे ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर , स्टाफ नर्स अनिता राय, माहेश्वरी पात्रे , मेडिकल टीम के नगर अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, उपाध्यक्ष जीवन साहू, तोकेश्वर साहू, जितेंद्र साहू, अभिषेक तिवारी, राजेंद्र साहू उपस्थित रहे।

### राजस्व प्रकरणों का समय पर करें निराकरण: कलेक्टर

# समय सीमा में हो शासन की प्राथमिकता वाले सभी कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सोमवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज राजस्व प्रकरणों, एग्रीस्टेक पंजीयन, नक्शा बटांकन, सीमांकन एवं अन्य राजस्व कार्यो की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाले सभी कार्यो का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निराकरण सुनिश्चित किया जाएं। बैठक में कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पंजीयन अभियान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में शत–प्रतिशत किसान पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएं। किसानों की सुविधा को देखते हुए अब राशन दुकानों एवं सहकारी समितियों में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी एग्रीस्टेक पंजीयन किया जाएगा। उन्होंने ग्राम स्तर पर मुनादी, जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं मैदानी अमले की सक्रिय भागीदारी से अधिक से अधिक किसानों को अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में नक्शा बटांकन एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की और राजस्व अधिकारियों को विशेष कार्ययोजना बनाकर एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समय–सीमा के बाहर कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। बैठक में ऑनलाइन अटेंडेंस, तथा अन्य विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जी.एल. यादव, तीनों अनुविभागों के एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### 15 अगस्त की तैयारियों को लेकर प्रशासन चुस्त

जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर कुन्दन कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सफल आयोजन हेतु जिम्मेदारी सौंपी। कलेक्टर ने कहा कि 15 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 09 बजे जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, परेड की सलामी और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जायेगा। कार्यक्रम में शहीदों के परिवारजन को सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर शाल व श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। समारोह स्थल पर छात्र–छात्रओं द्वारा पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। बैठक में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, अपर कलेक्टर जी.एल.यादव, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## विद्यार्थियों ने ली नशा न करने की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में संचालित छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के एकीकृत पुनर्वास केंद्र (नशा मुक्ति केंद्र) द्वारा ग्राम पंचायत बदरा (ब) स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला में विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ्य एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के कारण होने वाले गंभीर दुष्परिणामों, जैसे हृदय, लीवर और किडनी संबंधी बीमारियों सहित सामाजिक एवं मानसिक नुकसान की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही खेलकूद, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने शपथ लेकर आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

## कोरे पन्ने पर हस्ताक्षर और 10 माह का मानदेय रोकने का आरोप, होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

ग्राम पंचायत दर्राभाठा के वार्ड क्रमांक 4 की पंच हीराबाई ने सरपंच और सचिव पर कोरे रजिस्टर में जबरदस्ती हस्ताक्षर कराने तथा 10 माह का मानदेय नहीं देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने कलेक्टर संजय अग्रवाल को शिकायत सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में हीराबाई ने बताया कि 24 जुलाई को आयोजित ग्रामसभा में गांव के विकास से जुड़े प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के बाद जब उन्होंने अपने मानदेय की मांग की, तो सरपंच और सचिव ने जल्द भुगतान करने का आश्वासन देते हुए इस सम्बन्ध में किसी से चर्चा नहीं करने को कहा। उनका आरोप है कि अन्य पंचों का मानदेय दे दिया गया, लेकिन उनका 10 माह का मानदेय अब तक लंबित है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रस्ताव वाले पन्ने पर हस्ताक्षर कराने के बजाय दो पन्ने खाली छोड़कर तीसरे कोरे पन्ने पर उनसे हस्ताक्षर कराए गए। विरोध करने के बावजूद सरपंच और सचिव ने उनकी बात नहीं मानी। हीराबाई का कहना है कि भविष्य में यदि उस कोरे पन्ने पर कोई प्रस्ताव दर्ज किया जाता है, तो उसे अमान्य माना जाए। पंच ने कलेक्टर से सरपंच और सचिव के खिलाफ मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने, कोरे पन्ने पर किए गए हस्ताक्षर को निरस्त मानने तथा 10 माह का लंबित मानदेय दिलाने की मांग की है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शिकायत गंम्भीरता से लेते हुए तत्काल मस्तूरी जनपद सीईओ जे आर भगत को जांच के लिए सौंपा हैं।



## संत रविदास जयंती पर चलेगा समरसता अभियान



**मुंगेली।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा से 20 फरवरी 2027 संत गुरु रविदास महाराज जयंती तक राष्ट्रव्यापी गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान संचालित किया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने बताया कि अभियान के माध्यम से गुरु रविदास महाराज के समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के लिए धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क आधारित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, नगर एवं ग्राम स्तर तक व्यापक जनसंपर्क एवं सामाजिक समरसता के कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाध्यक्ष श्री केशरवानी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान इस वर्ष भी 11 अगस्त से 15 अगस्त तक जिलेभर में तिरंगा यात्राएं, घर–घर तिरंगा अभियान तथा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने तथा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह किया।

## किसानों ने लिया जैविक खेती अपनाने का संकल्प

**पेंड्रा।** जिले के ग्राम पंचायत कुदरी के पंडरीखार में मंगलवार को स्वस्थ्य जीवन, स्वस्थ्य धरती थीम पर जीवामृत (जैविक खाद) निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पत्रकार एवं प्रगतिशील कृषक अखिलेश नामदेव के खेत में किया गया, जहां किसानों को जीवामृत तैयार करने की संपूर्ण प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रदर्शन कर जैविक खेती के लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।



कार्यशाला में ग्राम पंचायत कुदरी सहित आसपास के गांवों के दर्जनों किसान शामिल हुए और भविष्य में जैविक खेती अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजलाल सिंह राठौर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया जैविक कृषि की ओर बढ़ रही है। उन्होंने सिक्किम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां जैविक खेती को अपनाने के बाद किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि सिक्किम में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय लगभग 8 लाख है, जबकि गुजरात जैसे औद्योगिक रूप से विकसित राज्य में यह लगभग 3 लाख है। कार्यक्रम में उपस्थित कृषक रामदास राठौर ने कहा कि उन्हें पहली बार यह जानकारी मिली कि गोबर, गोमूत्र, गुड़, बेसन और मिट्टी से इतनी प्रभावी जैविक खाद तैयार की जा सकती है। कृषक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जैविक खेती से भूमि की उर्वरक क्षमता लंबे समय तक बनी रहती है। रासायनिक खादों के लगातार उपयोग से जहां मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है। कार्यक्रम के आयोजक व प्रगतिशील कृषक अखिलेश नामदेव ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में जैविक पद्धति से विष्णुभोग धान की खेती की है।

## जानलेवा हमले के आरोपी को 5 साल का कारावास

**मुंगेली।** सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने 27 जुलाई को आरोपी राजेश उर्फ सूरज कुर्रे 37 वर्ष, निवासी ग्राम डिघोरा, थाना पथरिया, को भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1) सहित अन्य धाराओं के प्रकरण में दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 500 के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने घटना के दौरान लाठी जैसे कठोर हथियार से पीड़ित के सिर एवं जांघ पर प्रहार किया था। हमले में पीड़ित के सिर पर गंभीर चोटें आईं तथा शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें लगीं। न्यायालय ने माना कि आरोप ऐसा था जिससे पीड़ित की मृत्यु भी संभावित थी। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, एफएसएल रिपोर्ट तथा अन्य परिस्थितिजन्य एवं तात्विक साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध पाया। आरोपी विचारण अवधि में 417 दिनों तक न्यायिक अभिरक्षा में रहा, जिसकी अवधि को सजा में समायोजित करने का आदेश दिया गया। प्रकरण में अभियोजन पक्ष का संचालन लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर ने किया। न्यायालय ने अपने निर्णय में यह भी निर्देश दिया कि पीड़ित को समुचित जांच उपरांत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुंगेली के माध्यम से नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएं।




## 5 लाख रुपए की लागत से बनेगा 150 मीटर सीसी रोड

**सरगांव।** ग्राम पंचायत मोहदी के आश्रित ग्राम लुकऊकांपा के ग्रामीणों को लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब इस समस्या का निराकरण जल्द होने वाला है। जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू के प्रयासों से डीएमएफ डीएमएफ मद से 5 लाख रुपए की लागत से उचित मूल्य दुकान से नेतराम ध्रुव के घर तक लगभग 150 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। जिसका अंबालिका साहू ने विधिवत भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और ग्रामीणों को बधाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि सीसी रोड बनने से बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू ने कहा कि "जनता की मूलभूत सुविधाओं का विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लुकऊकांपा के ग्रामीणों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी, जिसे पूरा कर हमें संतोष है। आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास और जनकल्याण से जुड़े कार्य निरंतर जारी रहेंगे तथा हर गांव तक विकास की सुविधाएं पहुंचाना हमारा संकल्प है।

### मोबाइल नेटवर्क नहीं होने से हो रही परेशानी

# वनांचल के 52 स्कूलों के 139 शिक्षकों के वेतन पर संकट

**लोरमी।** वनांचल क्षेत्र में संचालित 52 शासकीय विद्यालयों में पदस्थ 139 शिक्षकों के सामने ऑनलाइन दर्ज संख्या नहीं होने से माह वेतन मिलने पर संकट है। इसका मुख्य कारण वनांचल में मोबाइल नेटवर्क का अभाव है, जिसके चलते शिक्षक विद्या समीक्षा केंद्र वीएसके ऐप में अपनी दैनिक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं।




सूत्रो के अनुसार 52 प्रभावित विद्यालयों में 39 प्राथमिक एवं 13 माध्यमिक (मिडिल) स्कूल शामिल हैं। इनमें लगभग 100 प्राथमिक और 39 मिडिल स्कूलों के शिक्षक नेटवर्क समस्या से प्रभावित हैं। पिछले माह शिक्षकों को वेतन मिल गया था, लेकिन इस बार विभाग ने ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर सख्ती बरते जाने के कारण वेतन अटकने की आशंका जताई जा रही है, इससे शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है।गौरतलब है, कि शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विद्या समीक्षा केंद्र ऐप लागू किया है। इस ऐप के माध्यम से शिक्षक को प्रतिदिन विद्यालय परिसर में अपनी लोकेशन के साथ उपस्थिति दर्ज करनी होती है। लेकिन वनांचल के अधिकांश क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण शिक्षक चाहकर भी ऐप में उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। ब्लाक में 268 प्राथमिक, 108 मिडिल, 21 हाई सेकेंडरी, 23 हाईस्कूल संचालित है, जिसमें लगभग 300 से अधिक शिक्षक पदस्थ होंगे जिनमें लगभग 5 प्रतिशत नेटवर्क की समस्या सामने आई है,जो जाँच का विषय है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीषा पाटले ने जिला शिक्षाधिकारी एवं जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराया है। पत्र में वनांचल क्षेत्र के विद्यालयों के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति व्यवस्था लागू करने अथवा कोई वैकल्पिक समाधान उपलब्ध कराने की मांग की गई है, ताकि नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।



## खबर संक्षेप

### जिपं सामान्य सभा की बैठक कल

**बिलासपुर।** जिला पंचायत की बैठक 30 जुलाई को आहूत की गई है। सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 3 बजे होगी। अध्यक्षता जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। बैठक में लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, ग्राम सड़क योजना एवं 16वें वित्त आयोग अंतर्गत कार्ययोजना के निर्माण पर चर्चा की जाएगी। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में पूर्व बैठक का पालन प्रतिवेदन तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### पुलिस की मनमानी के विरोध में लिपिकों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी ने सर्प दंश मामले में पुलिस की कार्रवाई पर गंभीर आपत्ति जताई है। मुख्यमंत्री, ग्रहमंत्री के नाम का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। श्री तिवारी ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने बिना किसी प्रारंभिक जांच के जल्दबाजी में 3 लोक सेवक लिपिकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही अन्य कई लिपिक कर्मचारियों को पूछताछ के नाम पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के आदेश का उल्लंघन प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पुलिस मुख्यालय, छत्तीसगढ़ द्वारा 13 जून 2010 में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी लोक सेवक के विरुद्ध शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा सीधे प्रकरण दर्ज न करते हुए पहले प्रारंभिक जांच की जाए। संबंधित लोक सेवक के नियंत्रक अधिकारी अथवा जिला दंडाधिकारी से जानकारी प्राप्त कर यह सुनिश्चित किया जाए कि संज्ञेय अपराध बनता है या नहीं। इसके पश्चात ही अग्रिम कार्रवाई की जाए, लेकिन सर्प दंश मामले में पुलिस ने इस आदेश को पूरी तरह दरकिनार कर दिया है। संघ मांग की कि तत्काल निष्पक्ष प्रारंभिक जांच कराई जाए। गिरफ्तार लिपिकों को नियमानुसार राहत दी जाए। दोषी पुलिस अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाए। नहीं तो आंदोलन किया जाएगा। श्री तिवारी ने कहा कि इस संबंध में संघ द्वारा पुलिस महानिदेशक, मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम ज्ञापन आज जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल को सौंपा गया। यदि 7 दिवस के भीतर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

### आज जहां तुम हो खड़े का विमोचन देवरघटा में



**बिलासपुर।** मारुति धाम देवरघटा, शिवरीनारायण में कवि विजय कल्याणी तिवारी की दसवीं कृति आज जहां तुम हो खड़े का विमोचन एक सौ दस वर्षीय संतश्री राम गोपाल दास महराज के हाथो डॉ. विनय कुमार पाठक और चंद्रभूषण वाजपेयी की विशेष उपस्थिति में हुआ। यह संग्रह मूलतः अध्यात्म और सनातन दर्शन पर केंद्रित है। इस संग्रह में 1287 दोहे संकलित हैं। इस अवसर पर पूज्य संत रामगोपाल दास ने कवि उपस्थित रचनाकार और जन समुदाय को आशीर्वाद दिया। श्री वाजपेयी ने पुस्तक के कुछ अंशों का उल्लेख करते हुए, रचनाओं की सराहना की। डॉ. पाठक ने कहा कि जिसे धारण किया जा सके वहीं धर्म, इस संग्रह में कवि ने इसी को मुख्य तत्व माना है। उन्होंने कहा कि रचना भाव और मानक की दृष्टि से अपने गुणवत्ता के चरम पर है। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें अमृत लाल पाठक, बुधराम यादव, राकेश पाण्डेय, यशवंत राजपूत, हूप सिंह क्षत्रिय, विजय कल्याणी तिवारी, विनय पाठक, राजेश सोनार ने अपनी रचनाओं की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन, हूप सिंह क्षत्रिय ने किया और उजली तिवारी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुबोध शुक्ल, बसंत यादव, कल्याणी तिवारी, आशीष तिवारी, बल्लू दुबे एवं महराज सर्वेश्वर दास विशेष रूप से उपस्थित थे।

### सीयू में प्रो. मेहता बनाए गए छात्र कल्याण अधिष्ठाता

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के आचार्य प्रो. राजेन्द्र मेहता को यूनिवर्सिटी का छात्र कल्याण अधिष्ठाता नियुक्त किया गया है। वे अपने वर्तमान दायित्वों के साथ इस अतिरिक्त दायित्व का निर्वहन करेंगे। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में छात्र कल्याण अधिष्ठाता के पद पर सिविल इंजीनियरिंग विभाग के आचार्य प्रो. शैलेन्द्र कुमार पदस्थ थे। लेकिन शुक्रवार को उनका आकस्मिक निधन हो गया। शुक्रवार को सीयू में कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के पांच साल पूरा होने और एक साल का एक्सेंशन मिलने पर कार्यक्रम था। यूनिवर्सिटी के रजत जयंती सभागार में रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें प्रो. शैलेन्द्र कुमार गाना गाते वक्त अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और बाथरूम गए। बाद में प्रो. शैलेन्द्र बाथरूम गिरे पड़े मिले, उन्हें रात में इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में लाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। यूनिवर्सिटी में छात्र कल्याण अधिष्ठाता का पद खाली था। यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा मंगलवार को आदेश जारी कर ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग के आचार्य प्रो. राजेन्द्र कुमार मेहता को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ छात्र कल्याण अधिष्ठाता नियुक्त किया गया है।

## पृष्ठ1 का शेष

### एटीआर में बढ़ा बाघों का कुनबा..

जानकारी भी उपलब्ध कराने को कहा, ताकि बाघों के लिए यहां के रहवास और सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक आकलन किया जा सके। सर्वे के दौरान एटीआर के ट्रैप कैमरों में छह बाघ दर्ज किए गए थे। इसके बाद तैयार रिपोर्ट के आधार पर अचानकमार टाइगर रिजर्व को 70 फीसदी से अधिक अंक मिले। वहीं, एटीआर प्रबंधन द्वारा बाघों के प्रजनन और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए बारिश के मौसम में कोर जोन के रास्ते भी बंद कर दिए जाते हैं। प्रबंधन के इन प्रयासों का असर अब जंगल में दिखाई देने लगा है। पिछले पांच वर्षों में एटीआर में बाघों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। प्रबंधन के अनुसार, एक समय एटीआर में बाघ और बाघिनों की संख्या महज छह थी, जो अब बढ़कर 18 से अधिक हो चुकी है। इनमें नर और मादा दोनों बाघ शामिल हैं। बाघों के अलावा अन्य वन्यप्राणियों के लिए भी एटीआर का जंगल अनुकूल साबित हो रहा है और यहां उनके प्रजनन की स्थिति बेहतर हुई है।

# कलेक्टर ने 30 तक साइकिल, गणवेश और पाठ्यपुस्तक बांटने दिए निर्देश



**बिलासपुर।** वंदे मातरम् अभियान के तीसरे चरण की तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने तथा एग्रीस्टैक के अंतर्गत किसानों के पंजीयन में प्रत्येक समिति को दिए गए लक्ष्य हर हाल में पूरा करने कहा गया है।

इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि वंदे मातरम् अभियान के तीसरे चरण की तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं तथा एग्रीस्टैक के अंतर्गत किसानों के पंजीयन में प्रत्येक समिति को दिए गए लक्ष्य हर हाल में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने मंगलवार को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 30 जुलाई तक विद्यार्थियों को साइकिल, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में बताया गया कि इस वर्ष सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत जिले की 9,875 छात्राओं को साइकिल वितरित की जा रही है। करीब ढाई सौ छात्राओं को साइकिल तथा करीब 8 प्रतिशत विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें मिलना शेष है।

# खेती-किसानी में व्यस्त हुए फरियादी जल्द समाप्त हुआ जनदर्शन

■ कलेक्टर जनदर्शन में नजर नहीं आई फरियादियों की लंबी लाइन



**बिलासपुर।** कलेक्टर जनदर्शन में विभिन्न समस्याओं का समाधान चाहने की लालसा में आए फरियादियों की संख्या मंगलवार को कलेक्टोरेट में बेहद कम नजर आई। खरीफ सीजन के अंतर्गत गांवों में इन दिनों रोपा लगाने का काम जोरों पर चल रहा है, जिससे कलेक्टोरेट में फरियादियों की संख्या में कमी को इसे ही बड़ा कारण माना जा रहा है।

अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर हर मंगलवार को बड़ी संख्या में नजर आने वाले फरियादी इस बार नजर नहीं आए। यही कारण है कि कलेक्टर टीएल व जनदर्शन जल्द ही समाप्त हो गया। फरियादियों की संख्या बेहद कम थी, जिससे मंथन सभाकक्ष के बाहर फरियादियों की लंबी लाईन नहीं नजर आई। कलेक्टर टीएल में शामिल होने आए कृषि अधिकारियों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में यह समय खेती-किसानी के कार्यों का है। इस दौरान किसान न केवल अपने खेतों में, बल्कि अन्य किसानों के खेतों में भी रोपा लगाने में सक्रिय हैं। ऐसे में उनकी प्राथमिकता में फिलहाल कोई दूसरा काम नहीं है। यही कारण है कि कलेक्टोरेट पूरी तरह खाली नजर आया व गिनती के ही फरियादी नजर आए।

### युवा नेतृत्व, संगठन विस्तार, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक सेवा पर बनी राष्ट्रीय रणनीति

# राष्ट्रीय मंच पर छाया छत्तीसगढ़ का प्रभावी योगदान, प्रदेश के कार्यों की हुई सराहना



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की 51 वर्षों की यात्रा में पहली बार झारखंड की धरती पर आयोजित प्रथम राष्ट्रीय प्रबंध समिति एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक जमशेदपुर में हुई।

बैठक में देशभर से 250 से अधिक राष्ट्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी, उद्योगपति, समाजसेवी और युवा प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान संगठन विस्तार, सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार, डिजिटल नेटवर्क, व्यापार संवर्धन, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की भागीदारी सहित विभिन्न विषयों पर मंथन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल ने कहा कि अग्रवाल समाज को सामाजिक सेवा के साथ लोकतांत्रिक संस्थाओं, प्रशासनिक क्षेत्रों और राजनीतिक नेतृत्व में भी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने युवाओं से नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान करते हुए स्टार्टअप, नवाचार, डिजिटल तकनीक और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में युवाओं को राजनीति, प्रशासन, उद्योग एवं सामाजिक नेतृत्व में आगे लाने, डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से समाज को जोड़ने, छात्र-छात्राओं को शिक्षा एवं स्वरोजगार में सहयोग देने तथा महिला इकाइयों को सक्रिय बनाने की कार्ययोजना पर चर्चा हुई।

बैठक में छत्तीसगढ़ से प्रदेश प्रभारी ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल व महेश अग्रवाल सहित अनेक प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। समापन पर संगठन को गांव से राष्ट्रीय स्तर तक मजबूत करने और युवाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प लिया गया।

#### राष्ट्रीय मंच पर छग बना प्रेरणा का केंद्र

बैठक में छत्तीसगढ़ के कार्यों और योगदान की विशेष सराहना हुई। प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल ने प्रदेश में संचालित सेवा एवं संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 4500 से अधिक पौधों का रोपण, आजीवन सदस्यता अभियान, 23 जिलों में जिला कार्यकारिणियों का गठन, जरूरतमंदों के लिए भोजन सेवा, सामाजिक सहयोग और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्य किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ मॉडल को अन्य राज्यों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया।

# सीवीआरयू की केंद्रीय लाइब्रेरी बनी ज्ञान और शोध का सशक्त केंद्र

### 65 हजार से अधिक पुस्तकें और ई-संसाधन उपलब्ध

■ आरएफआईडी आधारित स्वचालित व्यवस्था



**बिलासपुर।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को समृद्ध ज्ञान संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय की जगन्नाथ प्रसाद चौबे केंद्रीय लाइब्रेरी अध्ययन, शोध और नवाचार का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुकी है। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित इस पूर्णतः स्वचालित लाइब्रेरी में कोहा इंटीग्रेटेड लाइब्रेरी मैनेजमेंट सिस्टम और आरएफआईडी तकनीक का उपयोग किया जाता है, जिससे पुस्तकों के निर्गमन और वापसी की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनी है। लाइब्रेरी प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुली रहती है और एक समय में करीब 300 विद्यार्थी यहां अध्ययन कर सकते हैं। यहां 65 हजार से अधिक पुस्तकें, ई-बुक्स, ई-जर्नल्स, ई-थीसिस और अन्य डिजिटल अध्ययन सामग्री उपलब्ध है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी नवीनतम संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं।

#### लाइब्रेरी की विशेषता

लाइब्रेरी की विशेषता कम्युनिटी रीडिंग फैसिलिटी भी है, जिसके तहत आसपास के विद्यार्थी और नागरिक अध्ययन कर सकते हैं। दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए ब्रेल पुस्तकों और ब्रेल प्रिंटिंग की सुविधा उपलब्ध है। प्रमुख समाचारों को डेली न्यूज पॉडकास्ट के रूप में भी ऐप के माध्यम से सुना जा सकता है। दुर्लभ एवं हस्तलिखित ग्रंथों का संग्रह शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण स्रोत है। केंद्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संगीता सिंह ने कहा कि आधुनिक तकनीक, डिजिटल संसाधनों और समावेशी सुविधाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने लाइब्रेरी को ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट समन्वय बताया।

### जमीन विवाद में लाठी से हमला, घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**बिलासपुर।** जमीन विवाद में लाठी के हमले से घायल महिला की इलाज के दौरान रायपुर में मौत हो गई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर हमलावर नाबालिग लड़की सहित तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। कोनी टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, 19 जुलाई को ग्राम जलसो निवासी कुमारी बाई रात्रे के घरवालों का पड़ोसी संतोषी बाई रात्रे के घरवालों से जमीन विवाद हो लेकर सुबह विवाद हुआ। कुछ समय बात विवाद शांत हो गया। शाम को कुमारी बाई रात्रे पड़ोसी के घर के सामने जाकर गाली गलौज कर रही थी। इस पर संतोषी रात्रे, दीपालिका रात्रे व एक नाबालिग लड़की ने उनके साथ मारपीट करते हुए लाठी से जानलेवा हमला कर दिया था। गंभीर अवस्था में कुमारी बाई को इलाज के लिए रायपुर के हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। 27 जुलाई को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। मर्ग डायरी मिलने पर 28 जुलाई को कोनी पुलिस ने मामले में हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी संतोषी रात्रे, दीपालिका रात्रे व एक नाबालिग लड़की को गिरफ्तार कर लिया है।

### बंगाल मॉनिटर का शिकार कर रील बनाने वाले आरोपी पकड़े गए

**बिलासपुर।** वन विभाग की टीम ने बैंगाल मॉनिटर का शिकार करने सोशल मीडिया पर रील बनाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार रतनपुर वन परिक्षेत्र की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि बैंगाल मॉनिटर का शिकार करने के बाद रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाला गया है। बेंगाल मॉनिटर दुर्लभ प्रजाति का वन्यप्राणी है। रील से मोबाइल नंबर निकाल कर रतनपुर थाना प्रभारी से सम्पर्क किया गया। लोकेशन के आधार पर एक आरोपी अजय मरावी को घासीपुर से गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया। पूछताछ के बाद बाद दो आरोपी रवि सवारा और अजय सबरा को पौड़ी से पकड़ा गया। तीनों आरोपियों से पूछताछ करने के बाद विभाग ने वानप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2 (16) (ख), 9, 50, 51 के तहत मामला कायम कर गिरफ्तार कर लिया है।

### एसएसपी ने ऑनलाइन पैसा लेने वाले एएसआई को डिमोशन कर बनाया हवलदार

**बिलासपुर।** एसएसपी ने शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में कार्रवाई नहीं करने के एवज में आनलाइन पैसा लेने वाले एएसआई को विभागीय जांच के बाद डिमोशन कर हवलदार बना दिया है।

पूर्व में सीपत थाने में पदस्थ एएसआई सहेत्तर कुर्रे ने सीपत थाने में शिकायत करने आए एक व्यक्ति को पकड़कर शराब पीकर गाड़ी चलाने पर कार्रवाई नहीं करने के एवज में 50 हजार रुपए की मांग की। बाद में उनके बीच 24 हजार रुपए में सौदा तय हो गया। एएसआई कुर्रे ने उक्त व्यक्ति से थाने के कम्प्यूटर आपरेटर के मोबाइल में ऑनलाइन पैसा ट्रांसफर कराने के बाद उन्हें बिना कार्रवाई के छोड़ा था। पीड़ित ने घटना की शिकायत एसएसपी से की। एसएसपी रजनेश सिंह ने एएसआई कुर्रे को सस्पेंड कर विभागीय जांच का आदेश दिया था। तत्कालीन एसीसीयू प्रभारी एडीशनल एसपी अनुज कुमार के द्वारा मामले की जांच कर रिपोर्ट पेश किया गया।

एसएसपी श्री सिंह ने विभागीय जांच में दोषी पाने पर एएसआई कुर्रे को डिमोशन का हवलदार बना दिया है। वर्तमान में एएसआई कुर्रे निलंबन के बाद से पुलिस लाइन में पदस्थ है।

# पेट, आंत और लीवर की बीमारियों का आधुनिक उपचार अब मार्क हॉस्पिटल में




हेल्थ प्लस

**बिलासपुर।** बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान, तनाव और शारीरिक गतिविधियों में कमी के कारण पेट, आंत और लीवर से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। लगातार गैस, एसिडिटी, पेट दर्द या अपच को सामान्य समझकर नजरअंदाज करना कई बार गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है।

मरीजों को समय पर विशेषज्ञ परामर्श, जांच और उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मार्क हॉस्पिटल, बिलासपुर में एडवांस्ड गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मार्क हॉस्पिटल में डॉ. मनीष कुमार नायक कंसल्टेंट गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट एवं हेपेटोलॉजिस्ट द्वारा पेट, आंत, लीवर और पाचन तंत्र से संबंधित विभिन्न बीमारियों की जांच एवं उपचार किया जा रहा है। यहां गैस, एसिडिटी, पेट दर्द, कब्ज, दस्त, फैटी लीवर, पीलिया, हेपेटाइटिस बी एवं सी, लीवर सिरोसिस और पैंक्रियाज से संबंधित रोगों के लिए विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध है।

विशेषज्ञों के अनुसार लगातार पेट दर्द, बार-बार अपच, खट्टी डकार, पेट फूलना, मल में खून आना, उल्टी में खून, निगलने में परेशानी या बिना कारण वजन कम होना जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ऐसे लक्षण गंभीर बीमारी के संकेत हो सकते हैं। पाचन तंत्र की बीमारियों की पहचान और उपचार में चिकित्सकीय आवश्यकता के अनुसार एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की मदद ली जाती है। भोजन नली में भोजन अटकने अथवा गलती से किसी बाहरी वस्तु के निगलने के मामलों में भी आवश्यकतानुसार एंडोस्कोपिक उपचार किया जा सकता है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एवं हेपेटोलॉजी सेवाओं के माध्यम से मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह, आधुनिक जांच और आवश्यकता के अनुरूप उपचार उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है। समय पर जांच और उपचार से बीमारी की जटिलताओं को कम करने में मदद मिल सकती है।



# गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और समर्पण का महापर्व - गुरु पूर्णिमा



गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः
गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्मः
तस्मै श्री गुरवे नमः ॥

## गुरूपूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...

गुरु पूर्णिमा : भारतीय संस्कृति में गुरु का सर्वोच्च स्थान "गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः।।" भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ स्थान प्रदान किया गया है। गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है। यह पर्व प्रत्येक वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को पूरे देश में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।महर्षि वेदव्यास ने चारों वेदों का विभाजन किया, महाभारत की रचना की तथा अठारह पुराणों की रचना कर भारतीय ज्ञान परंपरा को समृद्ध बनाया। इसी कारण उन्हें "आदि गुरु" की उपाधि दी गई। गुरु पूर्णिमा का पर्व हमें उनके महान योगदान का स्मरण कराता है। भारतीय परंपरा में गुरु केवल शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह जीवन जीने की सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक होता है। गुरु अपने शिष्य के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और नैतिक मूल्यों से समृद्ध बनाता है। गुरु ही अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है।आज के आधुनिक और तकनीकी युग में शिक्षा के अनेक साधन उपलब्ध हैं, लेकिन गुरु का महत्व कभी कम नहीं हो सकता। पुस्तकें ज्ञान दे सकती हैं, इंटरनेट जानकारी उपलब्ध करा सकता है, परंतु सही और गलत का विवेक, जीवन के मूल्य और चरित्र निर्माण का कार्य केवल गुरु ही कर सकता है। एक अच्छा गुरु अपने शिष्य को केवल सफल ही नहीं, बल्कि एक अच्छा और जिम्मेदार इंसान भी बनाता है।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालयों, महाविद्यालयों, आश्रमों तथा विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं में गुरु पूजन, प्रवचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन-कीर्तन और सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं। विद्यार्थी अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त कर अपने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। भारतीय इतिहास इस बात का साक्षी है कि महान गुरुओं ने महान शिष्यों का निर्माण किया। आचार्य चाणक्य और चंद्रगुप्त मौर्य, गुरु रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद, गुरु द्रोणाचार्य और अर्जुन जैसे अनेक उदाहरण बताते हैं कि एक श्रेष्ठ गुरु समाज और राष्ट्र की दिशा बदल सकता है।आज आवश्यकता है कि हम अपने जीवन में गुरु के महत्व को समझें, उनके बताए मार्ग पर चलें और ज्ञान, अनुशासन, विनम्रता तथा सदाचार को अपनाएँ। यही गुरु पूर्णिमा का वास्तविक संदेश है।गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, ज्ञान परंपरा और गुरु-शिष्य संबंध की अमूल्य विरासत का उत्सव है। यह दिन हमें अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और समर्पण का भाव प्रकट करने की प्रेरणा देता है। आइए, इस पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि अपने गुरुजनों के आदर्शों को जीवन में उतारकर एक श्रेष्ठ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देंगे।"गुरु का सम्मान ही ज्ञान का सम्मान है, और ज्ञान का सम्मान ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी आधारशिला है।

### गुरु का जीवन में स्थान

गुरु जीवन में मार्गदर्शक, प्रेरक और संरक्षक होते हैं। गुरु ही हमें सत्य, धर्म और नैतिक मूल्यों की ओर अग्रसर करते हैं। चाहे शिक्षा हो, धर्म हो या जीवन का कोई भी क्षेत्र गुरु के बिना मार्गदर्शन असंभव है।गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है। भारतीय परंपरा में गुरु-शिष्य संबंध सबसे पवित्र माना गया है।




### गुरु पूर्णिमा की परंपराएँ

इस दिन शिष्य अपने गुरु के चरणों में उपस्थित होकर उन्हें आदर, सम्मान और उपहार भेंट करते हैं। स्कूल, मंदिर और आश्रमों में विशेष कार्यक्रम होते हैं। सत्संग, ध्यान और भक्ति का आयोजन किया जाता है। बहुत से लोग इस दिन व्रत रखते हैं और आत्मचिंतन करते हैं।








































## खबर संक्षेप

### 12 कांवरियों का दल आज बैजनाथ होगा रवाना

**लोरमी।** 12 शिव भक्तों का दल सावन महीने में पवित्र गंगा जल लेकर बैजनाथ शिवलिंग में जल चढाकर दर्शन लाभ लेंगे। यह जत्था गुरु पूर्णिमा को सुल्तानगंज से कांवर में जल लेकर पैदल 115 किलोमीटर चलकर पवित्र बैजनाथ शिवलिंग में अर्पित करेंगे। कांवरियों में मोनू केसरवानी, विनोद गुप्ता , आशीष सलूजा , पप्पू यादव , राजकुमार , प्रियांशु,कृष्णा, मोहन चंदेल, विनोद कश्यप, छोटू गुप्ता, कमलेश सहित अन्य शामिल है।

### बछेरा स्कूल के छात्रों व शिक्षकों ने कराई आंखों की जांच

**मुंगेली।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बछेरा में समस्त छात्र छात्रओं एवं शिक्षकों का नेत्र जांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगताकापा के नेत्र सहायक अधिकारी खिलेंद्र साहू ने किया। जिसमें कुल 85 छात्र छात्रओं का नेत्र जांच किया गया। बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी नेत्र जांच कराया। कुल 85 छात्र छात्रओं का नेत्र जांच किया गया, जिसमें 03 छात्रें में –ष्टि दोष पाया गया। उन्हें उनके पलकों से संपर्क कर सहायता करने का सलाह दिया गया एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की भी आंखों की जांच की गई। जिसमें सहायक शिक्षक लक्ष्मी कांत जड़ेजा का निकट दृष्टि दोष पाया गया एवं प्रधान पाठक जागेश्वर साहू का भी निकट दृष्टि दोष पाया गया एवं चश्मा बनवाने एवं पहनने की सलाह दी गई।

## निधन

### बबीता व्यास



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी बबीता व्यास का 56 वर्ष की आयु में 28 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ पत्रकार अशोक व्यास की पत्नी थीं।

### वासंती वासिंग



**बिलासपुर।** कुदुदंड चांदनी चौक निवासी वासंती वासिंग का 28 जुलाई मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार 29 जुलाई को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्ति धाम में किया जायगा। वे स्वर्गीय मधुकर राव वासिंग की पत्नी, मनीष, आशीष वासिंग की माता थीं।

### सौरभ मिश्रा



**मुंगेली।** ग्राम लिम्हा निवासी सौरभ मिश्रा गुड्डू, पिता स्वर्गीय सुधीर मिश्रा का 27 जुलाई को 51 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 जुलाई को प्रातः 10 बजे गृहग्राम लिम्हा से संपन्न होगा।

### चूड़ामणि साहू



**मुंगेली।** ग्राम चातरखार निवासी चूड़ामणि साहू, पिता आयोध्या साहू उम्र 31 वर्ष का 26 जुलाई रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे रज्जू साहू के बड़े भाई एवं श्रीमती सुनीता साहू के पति थे। उनका अंतिम संस्कार 27 जुलाई को गृह ग्राम में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### तखतपुर सीएचसी में शुरू किया गया सर्जिकल आपरेशन

# शहर जाने की झंझट से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिल्हा के बाद अब तखतपुर सीएचसी में भी गर्भवती महिलाओं के आपरेशन की सुविधा शुरू हो चुकी है। अब तखतपुर से 30 किमी दूर बिलासपुर आने की मुसीबत नहीं उठानी पड़ेगी। वही सीएचसी में ही सुविधाजन व सुरक्षित डिलवरी कराई जा सकेगी।

जिले में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने की दिशा में नया कदम उठाया गया है। तखतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सामान्य प्रसव की सुविधा उपलब्ध रही है, लेकिन लंबे समय से सिजेरियन आपरेशन डिलवरी की मांग की जाती रही है, इस बारे में विधायक से लेकर कलेक्टर तक शिकायत की गई थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले 2 साल से प्रयास किया जा रहा था, लेकिन नवीन बिल्डिंग में अस्पताल हस्तांतरण करने के बाद आपरेशन थिएटर बनाया गया है। ईनवटर नहीं होने के कारण आपरेशन शुरू नहीं कराया गया था। बताया जा रहा है कि गायकोनोलॉजिस्ट डॉ राजकिरण शर्मा और एनेस्थिसिया डॉ उमेश साहू द्वारा सिजेरियन डिलवरी कराई जा रही है। सोमवार को नवीन आपरेशन थिएटर में आपरेशन शुरू किया गया है।



**कल्चर रिपोर्ट का किया जा रहा था इंतजार**

बताया जा रहा है कि आपरेशन थिएटर बनने के बाद भी सिजेरियन डिलवरी नहीं हो रही थी, जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए आवाज भी उठाई है लेकिन थिएटर की कल्चरल रिपोर्ट बार-बार पाजिटिव आने के कारण आपरेशन करना रिस्की लग रहा था, ऐसे में डाक्टरों ने आपरेशन के लिए मरीजों को रेफर करना ही सही समझा था, लेकिन अब आपरेशन थिएटर की कल्चरल रिपोर्ट निगेटिव आने के बार डाक्टरों ने आपरेशन का जिम्मा उठाया है।

**प्रसव पीड़िता को मिलेगी सहूलियत**

खास बात यह है कि तखतपुर से बिलासपुर की दूरी 30 किमी है। इस दौरान प्रसव पीड़िता को बिलासपुर आने की जरूरत पड़ती थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से महिला की स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया जाता था, लेकिन अब प्रसव से तड़पती महिलाओं को राहत मिल सकेगी। सुरक्षित आपरेशन होने पर जच्चा व बच्चे को स्वस्थ्य जीवन मिल सकेगा।

**शुरू किया गया है थिएटर**

नवीन बिल्डिंग बनने के बाद से ही हमारी कोशिश थी कि आपरेशन थिएटर शुरू कर दिया जाए, लेकिन कल्चरल रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद सोमवार से थिएटर शुरू किया गया है। मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत सिजेरियन डिलवरी हो सकेगी।

-डॉ शुभा गरेवाल,
सीएमएचओ, बिलासपुर

### जिले में 18 हजार मीट्रिक टन से अधिक खाद का वितरण

**मुंगेली।** जिले के किसानों को उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार प्रभावी व्यवस्था की गई है। अब तक 18 हजार 779 मीट्रिक टन से अधिक किसानों को खाद वितरण किया जा चुका है, जो भंडारण का 81.84 प्रतिशत है। वर्तमान में सहकारी क्षेत्र में 04 हजार 168 मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक शेष है, जिसे किसानों की मांग और आवश्यकता के अनुसार लगातार उपलब्ध कराया जा रहा है। किसी भी प्रकार की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमितता पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग की उप संचालक वीणा ठाकुर ने बताया कि जिले में उर्वरकों की नियमित निगरानी की जा रही है। भंडारण, परिवहन एवं वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है, ताकि खरीफ फसलों की रोपाई के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र के खाद की अनियमितता पर 25 केन्द्रों को शोकाज नोटिस, 08 केन्द्रों में विक्रय पर प्रतिबंध और 02 केन्द्रों से उर्वरक जब्ती की कार्रवाई की गई है। प्रशासन का लक्ष्य प्रत्येक पात्र किसान तक समय पर पर्याप्त मात्र में उर्वरक उपलब्ध कराकर बेहतर कृषि उत्पादन को बढ़ावा देना है।






## स्काउटिंग के जरिए बच्चों को पुरस्कार दिलाना लक्ष्य: जैन

**पेंड्रा।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही की वार्षिक बैठक सोमवार को स्काउट-गाइड प्रार्थना के साथ आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्तर प्रशिक्षित जिला मुख्य आयुक्त डॉ. नीरज जैन को जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी एवं पेंड्रा बीईओ आरएन चंद्रा ने सम्मानित किया।

हाल ही में डॉ. नीरज जैन ने भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशन में पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के कुर्सियांग में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय स्काउट बेसिक कमिश्नर कोर्स का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। बैठक में कमिश्नर कोर्स पूर्ण करने वाले चार प्रशिक्षित स्काउटर-गाइडर, अर्चना सामुएल मसीह, डॉ. ऐशले कैनेथ डगलस, कृष्ण पाल उइके एवं विजय कुमार कोरी को भी सम्मानित किया गया। डीईओ रजनीश तिवारी ने अंशदान, जिला स्तरीय पौधरोपण अभियान तथा सभी विद्यालयों में स्काउट-गाइड दलों के नियमित संचालन के निर्देश दिए। वहीं, बीईओ आरएन चंद्रा ने स्काउटिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिले में इसके व्यापक विस्तार पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त (गाइड) अर्चना सामुएल मसीह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) मोरध्वज, सचिव राम कृष्णा कश्यप, संयुक्त सचिव संगीता कैवर्त, ब्लॉक सचिव विजय कुमार कोरी, पवन राठौर, कृष्ण पाल उइके सहित जिले के 102 स्काउटर-गाइडर उपस्थित रहे।



## आवासीय विद्यालय छात्र जीवन की पूरी पाठशाला: दिनेश

**तखतपुर।** कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जरेली में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत हुए शामिल ।

संबोधित करते हुए दिनेश राजपूत ने कहा कि कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय छात्राओं के लिए केवल एक विद्यालय ही नही बल्कि जीवन की पूरी पाठशाला है जहां पर छात्राएं अध्यन के साथ साथ अन्य सामाजिक दायित्वों के निर्वहन को भी सीखती है। यह विद्यालय के साथ साथ आवासीय स्थल भी है जहां पर छात्राएं निवास भी करती है। आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष कश्यप ने कहा कि इस विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं आकर छात्रावास में रहकर अध्ययन करती है और विपरीत परिस्थितियों में एक दूसरे के मदद करती है। कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में बीईओं दीपक गुप्ता, एबीईओं उत्तम वस्त्रकर, सीमा त्रिपाठी, अनुराधा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ठरकपुर स्कूल में बांटी गई पाठ्य सामग्री, कपड़े, और रेनकोट

**सीपत।** बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में सामाजिक संस्था 'सेवा एक नई पहल' बिलासपुर ने सराहनीय पहल की। संस्था के प्रमुख रेखा आहूजा एवं सतराम जेठमलानी के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला ठरकपुर में बच्चों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्था के सदस्यों एवं अतिथियों ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को स्कूल बैग, चप्पल, खिलौने, कपड़े, रेनकोट, फल एवं टॉफियां वितरित कीं। कार्यक्रम में संस्था के सदस्य सिम्मी अरोड़ा, सरिता लालवानी, रजनी मलघानी, प्रिया कुमारी, मनीष, संतोष एवं चंद्रभूषण कश्यप, संकुल प्राचार्य पोड़ी माला पाल, संकुल शैक्षिक समन्वयक रामबाबू कर्ष, वरिष्ठ व्याख्याता गायत्री कौशिक, एसएमसी अध्यक्ष नीता चंद्राकर एवं शिक्षक चरणदास महंत की गरिमामय उपस्थिति रही। संस्था की सदस्य रजनी मलघानी ने कहा कि 'सेवा एक नई पहल' बच्चों के शैक्षणिक विकास और विद्यालयों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार सामाजिक सरोकार के कार्य कर रही है।



बैग वितरित करते संस्था के सदस्य।

## 37 वर्षों की शिक्षकीय सेवा पूर्ण करने पर मंजू को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सीपत की मिडिल स्कूल प्रधानपाठिका मंजू मिश्रा ने सेवानिवृत्ति से पूर्व शाला परिवार के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए समारोह का आयोजन किया।

समारोह में मंजू मिश्रा अपने पति शिक्षक सूर्यप्रकाश मिश्रा एवं पुत्र सहित पूरे परिवार के साथ शाला पहुंचीं। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद स्कूल की प्राचार्य सरिता यादव, कन्या शाला के संकुल समन्वयक प्रमोद कुमार पांडेय, श्रीकांत श्रीवास सहित विभिन्न संकुलों के संकुल समन्वयक एवं करीब 160 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। मंजू मिश्रा ने वर्ष 1989 में शिक्षा विभाग में अपनी सेवाओं का शुभारंभ किया था। वे वर्ष 1989 से 2009 तक कन्या शाला सीपत में सेवाएं देती रहीं। इसके बाद वर्ष 2009 से 2010 तक शासकीय प्राथमिक शाला गुड़ी में प्रधानपाठक के पद पर कार्य किया।

वर्ष 2010 से वर्ष 2026 तक वे पूर्व माध्यमिक शाला सीपत में उच्च वर्ग शिक्षक एवं प्रधानपाठिका के रूप में पदस्थ रहीं। अब वे 31 जुलाई को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होंगी। इस अवसर पर उन्होंने अपनी ओर से शाला परिवार एवं उपस्थित शिक्षकों के लिए स्नेहभोज का भी आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता संतोष सिंह ने किया।

## होम्योपैथी शिविर में जलजनित रोगों से बचाव के मिले सुझाव और दवाइयां

**मुंगेली।** शासकीय होम्योपैथिक औषधालय द्वारा वर्षा ऋतुजन्य बीमारियों के प्रति जागरूकता एवं समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का मुख्य विषय जलजनित रोग था। जनजागरूकता शिविर में उपस्थित नागरिकों को बरसात के मौसम में फैलने वाले जलजनित रोगों जैसे हैजा, टाइफाइड, पीलिया, डायरिया आदि के कारण, लक्षण और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ यामिनी शर्मा के मार्गदर्शन में डॉ गुंजन तिवारी ने स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श दिया।



जांच के उपरांत आवश्यकतानुसार मरीजों को होम्योपैथिक दवाओं का निःशुल्क वितरण किया गया। डॉ गुंजन तिवारी ने संदेश दिया कि वर्षा ऋतु में खान–पान और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखकर तथा समय पर सही होम्योपैथिक उपचार अपनाकर बीमारियों से बचा जा सकता है।

## परीक्षा देकर लौट रहे छात्र को बाइक ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

परीक्षा देकर वापस आ रहे युवक को दूपहिया वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी।

सूत्रों के अनुसार मिशनकम्पाउण्ड निवासी रविंद्र कुमार राठौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 26 जुलाई को वह बिलासपुर से परीक्षा दिलाकर अपने स्कूटी क्रमांक 31 बी 1521 से वापस तखतपुर आ रहा था और पुराना बस स्टैण्ड के पास पहुंचा था तभी अज्ञात दूपहिया वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के खिलाफ धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

### बड़े भाई ने छोटे भाई पर तीर धनुष से किया हमला

**कोरबा।** बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहाभाठ, मोहल्ला पंटोरवा पारा में धनुष-तीर से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसे डायल 112 की मदद से सीएचसी पोड़ीउपरोड़ा में भर्ती कराया गया। उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है, मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। मामला बांगों थाना क्षेत्र के ग्राम सलिहाभाठ निवासी शिव सिंह पोया, पिता सम्मल पोया ने धनुष से तीर चलाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीर करीब 15 से 20 मीटर की दूरी से चलाया गया था।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं धनेश्वर कुमार राजपूत उम्र 40 पिता का नाम हरिप्रसाद जाति लोधी निवासी घुठेली पोस्ट सिलदहा तहसील व थाना पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरी पुत्र के आधार कार्ड में नाम यशवंत राजपूत (आधार क्रमांक 6713 5774 6432) नाम दर्ज है जो कि गलत नाम है मेरी पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम जन्म प्रमाण पत्र और पाचंवी के अंकसूची के अनुसार साहिल कुमार राजपूत नाम है। मेरे पुत्र के भविष्य में नाम साहिल कुमार राजपूत के नाम से जाना पहचाना एवं संबोधन किया जावें। जिसके संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।

अतः सूचना जानें
**धनेश्वर कुमार राजपूत**
**आवेदक**

### न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र.
202607251500024/2025-26
ग्राम भरूहागुड़ा प.ह.नं. 06

एतद् द्वारा ग्राम भरूहागुड़ा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमारी पिता/पति मुरली कोशले जाति सतनामी निवासी भरूहागुड़ा तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम भरूहागुड़ा हल्का नं. 06 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 51, 86/2 रकबा कुल 0.1420 हे. नाम त्रुटी सुधार को....... किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 07/08/26 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/07/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**मुंगेली (छ.ग.)**

### समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**शपथ पत्र**

मैं शुभम भावनानी उम्र 29 वर्ष पिता श्री सुरेश भावनानी, निवासी पानी टंकी पारा बड़ी कोनी, वार्ड नंबर 68 रामकृष्ण परमहंस नगर कोनी थाना कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ

1. यह कि, मैं उपरोक्त नाम व पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि, मेरे आधार कार्ड क्र. 5053 2460 8817 में मेरा नाम शुभम भावनानी अंकित है। 3. यह कि, मेरे पुत्र रूद्र प्रताप खाण्डे जिसका त्रुटिवश सरनेम खाण्डे लिखा गया है। अतः वर्तमान आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में भी मेरे पुत्र का नाम रूद्र प्रताप भावनानी है अतः उक्त त्रुटि को सुधार हेतु खाण्डे के स्थान पर पुनः भावनानी अंकित किया जावे। 4. यह कि, इसी सरनेम को मेरे पुत्र के सभी दस्तावेज में अंकित किया जावे। 5. यह कि, यह शपथ पत्र मैं उपरोक्त कथनों के समर्थन में संबंधित विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता- शुभम भावनानी

**सत्यापन**

मैं शुभम भावनानी उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कण्डिका 01 से 05 में लिखी गई बातें सत्य व सही है जिसे पढ़कर समझकर सही होना जानकर आज दिनांक 21.07.2026 को मुकाम बिलासपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता- शुभम भावनानी

### न्यायालय नायब तहसीलदार बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

क्र./ /वा./ना.तह./ 2026
बिल्हा दिनांक 21.07.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रमेश कुमार गुप्ता पिता मोहनलाल गुप्ता निवासी जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम अमलडीहा प.ह.न. 33 तहसील बिल्हा स्थित भूमि खसरा नंबर 20/2, 165/1, 166/12, 24/2, 25/2, 318/3, 444/8, 91/1, 46/1, 112, 204, 444/1 रकबा क्रमशः 0.4250, 0.0040, 0.0810, 0.3240, 0.2550, 0.0930, 0.0240, 0.0940, 0.8370, 1.5380, 0.5710, 0.0890 हे. भूमियां मोहनलाल पिता फेकूलाल उर्फ मनहरणलाल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। मोहनलाल गुप्ता द्वारा अपने जीवनकाल में अपने रमेश कुमार गुप्ता एवं अनावेदक विरेन्द्र कुमार गुप्ता के पक्ष में दिनांक 07.01.2026 को वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। मोहनलाल गुप्ता पिता फेकूलाल उर्फ मनहरणलाल गुप्ता की मृत्यु दिनांक 23.02.2026 को हो गई है जिसके कारण आवेदक द्वारा वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति दावा इस न्यायालय में स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04.08.2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। समयावाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

### न्यायालय नायब तहसीलदार बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**ईश्तहार**

क्र./ /वा./ना.तह./ 2026
बिल्हा दिनांक 21.07.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रमेश कुमार गुप्ता पिता मोहनलाल गुप्ता निवासी जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा ग्राम गुमा प.ह.न. 18 तहसील बिल्हा स्थित भूमि खसरा नंबर 252/2, 196/2, 206/2, 258/2, 293/1, 294/2, 500/1, 503, 506/1, 527, 528/2, 554, 560/5, 564, 581/2 रकबा क्रमशः 0.8870, 0.4530, 0. 0810, 0.2750, 0.2150, 0.4490, 0.1500, 0.3280, 0.0770, 0.2060, 0.0450, 0.0320, 0.0320, 0.1500, 0.0120 भूमियां मोहनलाल पिता फेकूलाल उर्फ मनहरणलाल के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। मोहनलाल गुप्ता द्वारा अपने जीवनकाल में अपने रमेश कुमार गुप्ता एवं अनावेदक विरेन्द्र कुमार गुप्ता के पक्ष में दिनांक 07.01.2026 को वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। मोहनलाल गुप्ता पिता फेकूलाल उर्फ मनहरणलाल गुप्ता की मृत्यु दिनांक 23.02.2026 को हो गई है जिसके कारण आवेदक द्वारा वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति दावा इस न्यायालय में स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 04.08.2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। समयावाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे द्वारा शायरा बानो मेमन पति तार मोहम्मद मेमन निवासी कोरबा छत्तीसगढ़ से इनके नाम पर मौजा तालापारा प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 172/10 रकबा बी.1 में 0.0080 हे. भूमि व डायवर्सन में 940 वर्गफीट के कुछ हिस्से पर पक्का मकान निर्मित है जिसे खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**(1) इरफान कुरैशी**
**पिता मुस्ताक कुरैशी**
**(2) मोहम्मद इमरान कुरैशी**
**पिता मुस्ताक कुरैशी**
**निवासी वार्ड नंबर 12, आमा पारा, ग्राम बिल्हा, जिला बिलासपुर**
**मो. 7987126843**

### समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय पेण्ड्रारोड जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)
**शपथ पत्र**

मैं ललिता देवी भानू उम्र 40 वर्ष पति विसम्बर सिंह जाति भैना निवासी ग्राम छतौना तहसील-बेलगहना जिला-बिलासपुर (छ.ग.) की होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँः-
1. यह कि मेरे नाम पर भारत सरकार द्वारा आधार नंबर 395598684736 जारी किया गया है। जिसमें मेरा नाम Lalita Devi Bhanu दर्ज है एवं छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक खाता नंबर-77097246757 में मेरा नाम Lalita Devi Bhanu दर्ज है। 2. यह कि मेरे नाम पर एलआईसी पॉलिसी नंबर- 386201105 संचालित है जिसमें मेरा नाम Lilavati Bhanu दर्ज है। 3. यह कि उपरोक्त नाम - Lalita Devi Bhanu एवं Lilavati Bhanu यह नाम, एक ही महिला, मेरे है मुझे उक्त नाम से जाना व पहचाना जाता है। 4. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त नाम होने के समर्थन में निष्पादित करती हूँ जिसका समस्त दायित्व मेरा स्वयं का है।

ललिता देवी भानू- शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं ललिता देवी भानू उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक में दी गई समस्त जानकारी मेरे स्वयं के ज्ञान अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 25.07.2026 को स्थान पेण्ड्रारोड में लिखाकर पढ़ाकर, पढ़कर, सुनकर, समझाकर, सही होना पाकर अपना हस्ताक्षर/ अंगूठा निशानी लगाकर सत्यापित की।

ललिता देवी भानू- शपथकर्ता

### प्रारूप तीन
**शपथ पत्र का प्रारूप**

मैं भरत बैगा आयु 40 वर्ष पिता श्री बूधराम बैगा जाति बैगा निवासी ग्राम बिसौनी पो. खुडिया तह. लोरमी जिला मुंगेली का एतद द्वारा पुष्टि करता हूं और निम्नलिखित घोषित करता हूं कि

1. मैं वन ग्राम बिसौनी पो. खुडिया तह. लोरमी जिला मुंगेली छ.ग. का स्थायी निवासी हूं।
2. मैं अपने नाबालिक पुत्र रामभक्त से बदलकर रामभगत बैगा करवाना चाहता हूं।
3. मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. मेरी पत्नि फूलबाई बैगा को हमारे पूत्र रामभगत बैगा के नाम बदलने में कोई भी आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रह कर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

स्थान: लोरमी
दिनांक 28.07.2026

**शपथकर्ता**
**भरत बैगा**

### आम सूचना

मै रमेश चंद्र कश्यप उम्र 56 वर्ष अपने भाई दिनेश चंद्र कश्यप दोनों पिता श्री पिसरान लवकुश कश्यप निवासी मिनी माता नगर, तालापारा, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. मेरे द्वारा मौजा लोखंडी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि जिसका खसरा न. 236 पहन न. 54 कुल रकबा 7700 वर्गफिट को श्री प्रभात खरे उम्र 70 वर्ष पिता स्व. श्री रमेश चंद्र निवासी शुभमविहार आकाश मार्ग मंगला तहसील व जिला बिलासपुर छ ग के नाम पर रजिस्टर्ड भूमि को मेरे व भाई के द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर बतौर बैयाना राशि दी जा चुकी है जिसकी रजिस्ट्री आगामी दिनों में होना तय है

अतः उक्त सौदे के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, बैंक व अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति होतो उक्त आम सुचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करावे उक्त समयावधी के पश्चात की जाने वाली आपत्ति अमान्य होंगी।

सो सुचना जाने।

**भवदीय**
**रमेश चंद्र कश्यप**
**एवं दिनेश चंद्र कश्यप**
**पिता श्री पिसरान लवकुश कश्यप**
**मिनी माता नगर तालापारा**
**बिलासपुर (छ.ग.)**









हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



**धर्म-क्षेत्र**

## गणेश मंदिर में किया अभिषेक आरती, सहस्त्रनाम अर्चना



**बिलासपुर।** श्री सुमुख गणेश मंदिर रेलवे में रविवार को अन्नदान का कार्यक्रम रखा गया है। इस दिन सुबह साढ़े 7 से 8 बजे तक भगवान सिद्धि विनायक का अभिषेक, 8 से साढ़े 8 बजे तक अलंकार, साढ़े 8 से 9 बजे तक सहस्त्रनाम अर्चना, आरती व प्रसाद वितरण किया गया। 10 से 12 बजे तक शिव शक्ति महिला सदन नारियल कोठी दयालबंद द्वारा सुंदरकांड का पाठ एवं भक्तिमय भजन प्रस्तुत किया गया। दोपहर 12 से 3 बजे तक भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें अनेक भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को 5 से 6 बजे तक प्रदोष पूजा में भगवान शिव का अभिषेक, अलंकार, सहस्त्रनाम अर्चना व आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

## विद्यानगर शिव मंदिर में शिव महापुराण कल से, आज कलश यात्रा

**बिलासपुर।** विद्यानगर स्थित शिव मंदिर परिसर में 30 जुलाई से 6 अगस्त तक दिव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन पं पंकज भूषण मिश्रा द्वारा दोपहर 3 बजे से शाम 6:30 बजे तक किया जाएगा। आयोजन ब्रह्मलीन गुरुदेव स्वामी शारदानंद सरस्वती महाराज एवं पितरों के आशीर्वाद से किया जा रहा है। आयोजन के तहत 29 जुलाई को वेदी स्थापना एवं शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 30 जुलाई को कलश यात्रा एवं श्री पुराण पूजन, 31 जुलाई को नारद सती-पार्वती शिव विवाह उत्सव, 1 अगस्त को तारक वध एवं श्री गणेश चरित्र कथा, 2 अगस्त को तुलसी विवाह जालंधर एवं शंखचूड़ कथा, 3 अगस्त को नंदी चरित्र व कालभैरव चरित्र महिमा, 4 अगस्त को द्वादश ज्योतिर्लिंग प्राकट्य एवं शिव रहस्य कथा तथा 5 अगस्त को रुद्राक्ष महिमा एवं पशुपतिनाथ कथा होगी। 6 अगस्त को पूर्णाहुति, हवन एवं विशाल महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे तक मंदिर परिसर में वरिष्ठ आचार्यों द्वारा पार्थिव शिवलिंग का भव्य रुद्राभिषेक भी किया जाएगा। आयोजन की व्यवस्था सुमित्रा देवी मुरारका एवं समस्त मुरारका परिवार द्वारा की जा रही है।

**आयोजन**

## अमित बने रोटरी क्लब के अध्यक्ष, किया पदभार ग्रहण



**बिलासपुर।** रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर द्वारा रोटरी वर्ष 2026–27 का स्थापना समारोह सह आधिकारिक क्लब भ्रमण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समाजसेवा, नेतृत्व, मित्रता एवं रोटरी की गौरवशाली परंपराओं से परिपूर्ण इस समारोह में रोटेरियन अमित चक्रवर्ती ने रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर के अध्यक्ष के रूप में विधिवत शपथ लेकर पदभार ग्रहण किया। उनके साथ क्लब के अन्य नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने दायित्वों का विधिवत निर्वहन करने का संकल्प लिया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला गवर्नर रोटेरियन आलम सिंह रूपरा एवं फर्स्ट लेडी रोटेरियन हरपाल रूपरा थे। उनके साथ सहायक गवर्नर रोटेरियन एस नवीन, डीएसजी रोटेरियन अजय अग्रवाल, पूर्व प्रांतपाल रोटेरियन एस पी चतुर्वेदी, पूर्व प्रांतपाल डॉ आर ए शर्मा, तत्कालीन अध्यक्ष रोटेरियन शैलजा शुक्ला, तत्कालीन सचिव रोटेरियन कृतिका मोदी, क्लब के पूर्व अध्यक्षगण, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, वरिष्ठ रोटेरियन्स, विशिष्ट अतिथिगण एवं बड़ी संख्या में सदस्य तथा उनके परिवारजन उपस्थित रहे। क्लब सचिव रोटेरियन रंजीत पाल सिंह बाली एवं कोषाध्यक्ष रोटेरियन राजीव भारद्वाज के समर्पण, उत्कृष्ट समन्वय एवं अथक परिश्रम की सभी अतिथियों ने सराहना की।

**जागरूकता**

## गायत्री परिवार ने पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प



**बिलासपुर।** गायत्री परिवार की जिला स्तरीय गोष्ठी गायत्री प्रज्ञापीठ कोटा में संपन्न हुई। इसमें गौशाला में गौ माता की पूजन कर गौ-संरक्षण एवं वर्षा ऋतु के दौरान जुलाई, अगस्त माह में एक पेड़ माताजी के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करने एवं उसके संरक्षण का संकल्प लिया गया। समारोह के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों की ब्लॉक वार समीक्षा की गई। विभिन्न ब्लॉकों से आए समन्वयकों एवं परिजनों के साथ शताब्दी समारोह के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने चर्चा की गई। । इस मौके पर नंदिनी पाटनवार, हेमराज वैश्य, अजीत पवार, विष्णु अग्रवाल, रामकुमार श्रीवास, बृजेश साहू, रामगोपाल कश्यप, रामकुमार, योगिता साहू, साधुराम कौशिक, डॉ फेकूलाल, भरत साहू, उधोराम प्रजापति, श्रीकांत शर्मा, अशोक साहू आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम**

## एक अच्छा कॅरियर का चुनाव कर बच्चे बन सकते हैं आत्मनिर्भर



**बिलासपुर।** मितवा महिला कल्याण एवं सेवा समिति बिलासपुर क्राई चाइल्ड राइट्स एंड यू के सहयोग से शहीद अविनाश शर्मा पीएम श्री सेजेश कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता रेखा गुल्ला ने कहा कि बच्चे एक अच्छा कॅरियर का चुनाव कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। मुख्य वक्ता रेखा गुल्ला ने बताया कि बच्चे किस तरह से अपना एक अच्छा कॅरियर का चुनाव कर आगे बढ़ आत्मनिर्भर बन सकते है और किस-किस फील्ड में जाने से एक अच्छे करियर का चुनाव कर सकते है। मुख्य वक्ता पीएनएस महाविद्यालय की रासेयो कार्यक्रम अधिकारी मोना केंवट ने बच्चों को कॅरियर में किस तरीके से आगे बढ़ाना है और कौन सा कॅरियर चयन कर अपने लक्ष्य की ओर जा सकते है।

# गुरुपूर्णिमा आज, आश्रमों, संस्थानों में होगी गुरु पूजा

**गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है, यह पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। यह दिन महर्षि वेदव्यास की जयंती और गुरु के प्रति सम्मान, कृतज्ञता तथा आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए समर्पित माना जाता है। गुरूपूर्णिमा पर शहर के विभिन्न आश्रमों, संस्थानों व स्कूलों में कई कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा माना गया है। गुरु केवल शिक्षा देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह जीवन को सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक होता है। इसी गुरु के प्रति सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है।

यह दिन महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी प्रसिद्ध है, जिन्होंने वेदों का विभाजन किया और महाभारत जैसे महान ग्रंथ की रचना की। इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। गुरु पूर्णिमा धार्मिक पर्व के साथ ही भारतीय संस्कृति, शिक्षा और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक है। इस दिन विद्यार्थी अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं, शिष्य अपने गुरु का आशीर्वाद



लेते हैं और आध्यात्मिक साधक अपने गुरु के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

गुरु पूर्णिमा पर शहर के मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। इसकी तैयारी बुधवार को ही की गई। वहीं गायत्री मंदिर में गुरुपूर्णिमा को उपलक्ष्य में अखंड गायत्री मंत्र का जाप हुआ। शहर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। गुरुओं की पूजा-अर्चना होगी। ब्रह्माकुमारी केंद्रों के भाई-बहन शिव बाबा को गुरु के रूप में पूजेंगे। शहर के झूलेलाल मंदिर, घोंघा बाबा मंदिर, गायत्री मंदिर, बांसाझाल आश्रम, सर्वेश्वरी समूह, राम-कृष्ण मंदिर हेमूनगर, मिलन मंदिर सहित अन्य जगहों पर गुरु पूजा होगी। भजन-कीर्तन होगा और प्रसाद वितरित किया जाएगा। बुधवार को गुरु की पूजा करने शहर के मंदिरों में भोपाल, मुंबई, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से शिष्य पहुंचे हैं।

### गायत्री मंदिर में महायज्ञ पादुका पूजन

शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ एवं अन्य शाखाओं में गुरु पूर्णिमा पर यज्ञ एवं विविध कार्यक्रम हो रहे हैं। सूर्योदय से सूर्यास्त तक के सामूहिक अखंड पूर्णिमा पर 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होगा।

### भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम

झूलेलाल मंदिर में गुरु-शिष्य परंपरा निभाई जाएगी। यहां संत साईं लाल का शिष्य पूजा करेंगे। संत साईं ने बताया कि सुबह 6 बजे से ही भक्त मंदिर पहुंचेंगे। अंत में शिष्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। राम-कृष्ण मिशन आश्रम में शिष्यों के लिए गुरु सुबह विशेष पूजा करेंगे, ताकि वे उनका जीवन सही रहे। वे सुखी और समृद्ध रहें। इसके बाद शिष्यों द्वारा गुरु की पूजा की जाएगी। भजन-कीर्तन होगा और फिर प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## अज्ञानता के अंधकार को मिटाने का पर्व है गुरु पूर्णिमा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने गुरु पूर्णिमा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु पूर्णिमा केवल किसी व्यक्ति विशेष के सम्मान का पर्व नहीं है, बल्कि आत्मा को अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाले परम सद्गुरु को स्मरण करने का पावन अवसर है।

स्वाती दीदी ने कहा कि आज के समय में मनुष्य बाहरी उपलब्धियों के बावजूद मानसिक अशांति, तनाव, भय और असंतोष का अनुभव कर रहा है। इसका मुख्य कारण आत्मिक ज्ञान का अभाव है। जब तक मनुष्य स्वयं को केवल शरीर समझता है, तब तक वह सुख और शांति की वास्तविक अनुभूति नहीं कर सकता। सच्चा गुरु वही है जो आत्मा का परिचय कराए। जीवन का वास्तविक उद्देश्य बताए तथा परमात्मा से संबंध जोड़कर जीवन को श्रेष्ठ बनाए। जब संसार में अज्ञान, अशांति और नैतिक पतन बढ़ जाता है, तब स्वयं परमात्मा इस धरा पर आकर राजयोग एवं आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से मानवता का मार्गदर्शन करते हैं। उनका दिव्य ज्ञान मनुष्य के जीवन को नई दिशा प्रदान करता है और आत्मिक शक्तियों को जागृत करता है। गुरु पूर्णिमा का वास्तविक संदेश बाहरी रीति-रिवाजों तक सीमित नहीं है, बल्कि अपने जीवन में दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लेना है। यदि हम क्रोध के स्थान पर शांति, घृणा के स्थान पर प्रेम, स्वार्थ के स्थान पर सेवा तथा अहंकार के स्थान पर विनम्रता को अपनाएं तभी गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा प्रकट होती है। गुरु का सम्मान केवल पूजा या माल्यार्पण से नहीं, बल्कि उनके द्वारा बताए गए श्रेष्ठ मार्ग पर चलने से होता है।

## नृत्य, संगीत, आलेख की प्रस्तुति ने बनाया माहौल



बंग साहित्य सम्मेलन की मासिक सभा

बिलासपुर। निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन बिलासपुर शाखा द्वारा हेमूनगर स्थित रामकृष्ण मंदिर के सभा कक्ष में मासिक सभा धूमधाम से मनाई गई। इसमें समाज के बच्चों, महिलाओं द्वारा पेश नृत्य, संगीत, कविता पाठ, गीति आलेख ने माहौल को खुशनुमा बनाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध बंगाली संगीतकार अतुल प्रसाद सेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की थीम 'वर्षा ऋतु' पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सम्मेलनी संगीत-मोदेर गरोब मोदेर आशा की सामूहिक (कोरस) प्रस्तुति दी गई। शाखा अध्यक्ष अजय गांगुली ने संस्था की आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व सुझाव प्रस्तुत किए। निहार रंजन मल्लिक, अचिंत्य कुमार बोस, श्रावणी दत्त, डॉ सोमा लाहिड़ी मल्लिक, रीता राय, मौमिता चक्रवर्ती, सौरभ चक्रवर्ती, शिल्पी सी, देवाशीष सरकार एवं बिथिका मंडल ने एकल संगीत की मधुर प्रस्तुति दी। रूपा राहा, शम्पा दास एवं असित बरन दास ने वर्षा ऋतु पर आधारित कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव डॉ सोमा लाहिड़ी मल्लिक ने किया।

पूरा कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर रहा। नन्हीं कलाकार अर्निमा पाल ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। रीना चक्रवर्ती, रेखा दास एवं स्वास्तिका विश्वास ने समूह नृत्य की प्रस्तुति दी। असित बरन दास ने वर्षा ऋतु पर विशेष रूप से लिखित 'वर्षा वंदना' गीति आलेख की प्रस्तुति दी। इसका भाष्य असित एवं डॉ सोमा ने किया। निहार रंजन मल्लिक के संगीत निर्देशन में कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर एवं काजी नजरुल इस्लाम के गीतों को निहार, अचिंत्य बोस, देवाशीष सरकार, श्रावणी दत्त, रेबा चौधरी, उमा दास, मौमिता चक्रवर्ती, बिथिका मंडल, असित एवं डॉ सोमा ने स्वर दिया। तबले पर जय डे ने कुशल संगत की। इस अवसर पर प्रबाल मुखर्जी, तरुण विश्वास, स्वपन राय, पार्थो बसु, मौसमी चक्रवर्ती, संहिता बाग सहित बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति ने किया स्कूल में पौधरोपण



अरपा नदी के दोनों किनारे पौधे लगाने ली शपथ

**बिलासपुर।** नारी शक्ति संस्था ने मंगला स्कूल में पौधरोपण किया एवं इंदिरा सेतु के नीचे अरपा नदी के दोनों किनारे पौधरोपण करने की शपथ बहनों को दिलवाई गई।

इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ उषा किरण बाजपेयी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है। आज का पौधा कल का जीवन है। आज देश की हर नारी को कम से कम एक पौधा लगा कर उसकी देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने सभी बहनों से इस मुहिम को आगे बढ़ाने की अपील की। प्राचार्य अल्का शुक्ला ने कहा कि वृक्ष हमें शुद्ध वायु, फल, फूल, छाया और अनेक जीवन उपयोगी चीज देता है। बारिश कराने में सहायक होता है। मिट्टी का कटाव रोकता है। पौधरोपण में सहयोग करने पर संस्था की प्राचार्य अल्का शुक्ला, शिक्षिका भावना बाजपेयी, प्रीता सिंह का श्रीफल, शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था की मृदुला अवस्थी, शिखा बाजपेयी, डॉ रश्मि बाजपेयी, इंदिरा चौधरी, किरण मुले, सीमा यादव, रीना गाढ़े, भावना तिवारी, पुष्पलता मिश्रा, रोशनी सोनी, भारती श्रीवास, स्निग्धा लाल सहित छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन वकील कविता आर्य एवं आभार प्रदर्शन सचिव श्वेता पांडेय ने किया।

## अरपा तट पर मॉर्निंग ग्रुप ने किया पौधरोपण

**बिलासपुर।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में मॉर्निंग ग्रुप ने अरपा नदी के तट पर पौधरोपण किया। साथ ही उसे कांटेदार झाड़ियों से घेरकर सुरक्षित किया गया। अभियान के दौरान 15 पौधे लगाए गए। जिसमें नीम, पीपल, बरगद एवं कदम के पौधे शामिल रहे। ग्रुप के सदस्यों ने पौधों के नियमित संरक्षण एवं देखभाल का भी संकल्प लिया।

■ 15 पौधे लगा कर कटीली झाड़ियों से किया सुरक्षित

पर्यावरण संरक्षण अभियान में राघवेंद्र राव भोसले, हर्ष मिश्रा, प्रमोद राव मदने, राजू, सतानंद क्षत्री, जितेंद्र श्रीवास्तव, अभिषेक सिंह, चंद्रशेखर सिंह, सुनील अग्रवाल, दुर्गेश यदु, राकेश श्रीवास्तव, धीरज पलेरिया, धीरेन्द्र घाडगे, राजेश चंद्र पाण्डेय, सुधीर सिंह ठाकुर एवं रघुनाथ यादव ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

अंत में ग्रुप के सदस्यों ने नागरिकों से भी अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की।



## चातुर्मास में मंगल प्रवचन व महापूजन होगा



**बिलासपुर।** संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या एवं नवाचार्य 108 समय सागर महाराज की आज्ञानुवर्ती आर्यिका 105 अकम्प मति माताजी, आर्यिका 105 अचल मति माताजी ससंघ 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान हैं।

जैन सभा अध्यक्ष दीपक जैन ने बताया कि माताजी ससंघ का चातुर्मास बिलासपुर जैन सभा को प्राप्त हुआ है। माताजी ससंघ का 30 वाँ एवं जैन समाज का " द्वितीय चातुर्मास" की स्थापना होगी। सभी "अद्वितीय चातुर्मास" बनाने का प्रयास करेंगे। रविवार को विद्या सागर महाराज संत भवन, क्रांति नगर में "माताजी ससंघ" ब्रह्मचारणी मंजू दीदी ब्रह्मचारिणी रेखा दीदी के सानिध्य में "मंगल कलश स्थापना" बड़े ही हर्षोल्लास के साथ होगी। प्रचार प्रसार प्रभारी अमरेश जैन ने बताया कि मांगलिक कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से आचार्य की "महा पूज़न" संगीतमय प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी दीपक भैया टहरका वाले के सान्निध्य में होगी। कार्यक्रम का आयोजन, कलश की बोलिया, द्वय माताजी के मंगल प्रवचन होंगे। इस अवसर पर सकल जैन समाज के प्रत्येक वर्ग, महिलाएं, बच्चे, पुरुष, सभी महिला मण्डल, नवेध्यम एवं जैनत्व ग्रुप, मुनि सेवा संघ, वीर सेवा दल तीनों मंदिर जी के पदाधिकारी गण सभी की उपस्थिति रहेगी ।

## पदक हासिल करने वाले 3 बच्चों का सम्मान



बिलासपुर। लायंस इंटरनेशनल वरदान बिलासपुर ने जुलाई को डेबिलिटी प्राइड माह के रूप में मनाए जाने के अवसर पर खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले तीन विशेष बच्चों का सम्मान किया। सिमरन पुजारा को एशिया पैसिफिक बॉलिंग प्रतियोगिता व राष्ट्रीय बोच्चे प्रतियोगिता में 2-2 स्वर्ण पदक तथा राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में एक रजत पदक जीतने, गार्गी साहू को राष्ट्रीय स्तर की बॉलिंग प्रतियोगिता तक पहुंचने तथा सूर्यांश जड़िया को राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। वरदान बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स चंदा बंसल एवं अध्यक्ष डॉ अनुश्री पड़ेगावकर ने विशेष बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

**कार्नर न्यूज**

# स्वतंत्रता सेनानी स्व. रोहिणी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर किया गया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय रोहिणी बाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को होटल ईस्ट पार्क में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवा और मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 100 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी योगदान दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राहुल बाजपेयी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके पश्चात रोहित बाजपेयी एवं राजेश बाजपेयी ने स्वर्गीय रोहिणी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर विवेक बाजपेयी ने बताया कि स्वर्गीय रोहिणी बाजपेयी का पूरा जीवन समाजसेवा, जनकल्याण और राष्ट्रहित के कार्यों के लिए समर्पित रहा। उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने और मानव सेवा के उद्देश्य से पिछले 17 वर्षों से लगातार उनकी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 100 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।



100 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान



कार्यक्रम में आशीष सिंह, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, विवेक बाजपेयी, ऋतुराज बाजपेयी, विधि बाजपेयी, डॉ अनीश देशकर, डॉ अमित कटारिया सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है और इससे कई लोगों को नया जीवन मिलता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने और समाज सेवा के ऐसे अभियानों से जुड़ने का आह्वान किया। शिविर के दौरान एकता ब्लड बैंक के द्वारा रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह की पूरी व्यवस्था की गई।

**खबर संक्षेप**

### नए सिविल लाइन, कोतवाली सीएसपी पहुंचे शहर

**बिलासपुर।** मंगलवार को सिविल लाइन सीएसपी परमेश्वर तिलकवार व कोतवाली सीएसपी तिलेश्वर यादव रिवील होकर शहर पहुंच गए। उन्होंने एसएसपी रजनेश सिंह से मुलाकात कर जिले में आमद दे दिया है। एक दो दिन में दोनों सीएसपी अपना चार्ज लेगें।

### छात्र से लूटपाट करने वाले, दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लिफ्ट मांगकर छात्र से बाइक, मोबाइल, नकद रकम लूटने वालों दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा



पुलिस के अनुसार, कोरबा सिरमीना निवासी सूरज कुमार श्याम पिता कृपाल सिंह श्याम मुंगेली नाका में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहा है। 27 जुलाई को वह अपने दोस्त योगेश कुमार की बाइक क्रमांक सीजी 16 सीयू, 2410 से कालेज जा रहा था। अशोकनगर चौक में एक युवक उससे लिफ्ट मांगकर डीएलएस कालेज तक गया। उसके बाद उसने अपने दोस्त चेतन को बाइक में बैठा लिया और दोनों उसे मुरूम खदान की ओर लेकर गए। दोनों युवक छात्र के साथ मारपीट कर बाइक, मोबाइल, नकद रकम लूटकर उसी बाइक से भाग गए। पुलिस ने छात्र की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ प्रिंस राज उर्फ जानू पिता स्व. प्रमोद ठाकुर 29 साल तिफरा यदुनंदननगर, चेतन पाल पिता ओमकार पाल 25 साल अशोकनगर निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

### तीन बच्चों की मां को भगाकर अनाचार

**बिलासपुर।** तीन बच्चों की मां को भगाकर अनाचार करने के बाद शादी करने से इनकार करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक महिला की शादी के पहले से तखतपुर फैजल अैबानी से जान पहचान थी। दोनों की शादी हो गई और महिला तीन बच्चों की मां हो गई है। फैजल ने महिला की पतासाजी कर मोबाइल नम्बर ले लिया। उसके बाद फिर दोनों मोबाइल में बातचीत करने लगे। बातों में फैजल ने महिला को शादी कर पत्नी बनाकर रखने की बात कही। इस पर 22 जून 2026 को महिला तीन बच्चे व पति को छोड़कर फैजल के साथ भाग गई। इस दौरान फैजल ने उसे इंदौर, देवास सहित अन्य स्थानों में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया। 26 जुलाई को फैजल महिला को डोंगरगढ़ लेकर आया और एक होटल में छोड़कर भाग गया। किसी तरह महिला अपने मायके आई और घटना की जानकारी घरवालों को दी। 27 जुलाई को पीड़िता रिपोर्ट लिखाने सकरी थाना गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर फैजल के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चार साल से फरार गांजा तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने चार साल से फरार गांजा तस्कर को ओडिशा से गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आकास चौधरी ने बताया, 26 मार्च व 11 सितंबर 2022 को गांजा सहित कुछ लोगों को पकड़ा गया था। पूछताछ में ओडिशा सम्बलपुर, त्रिवानपुर निवासी प्रकाश पुष्टि पिता देवानंद पुष्टि का नाम सामने आया था। उसके खिलाफ फरारी में चालान पेश हुआ था। तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से पुलिस टीम ने ओडिशा में दबिश देकर फरार आरोपी प्रकाश पुष्टि को गिरफ्तार कर लिया है।



तखतपुर-बिलासपुर मार्ग पर कानन पेंडारी के आगे सड़क पर बैठे मवेशी।

## प्रदेश की खराब सड़कों के मामले में हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से नया शपथपत्र मंगवाया

**बिलासपुर।** प्रदेश की खराब सड़कों के मामले में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव से एक नया शपथपत्र मंगवाया है, जिसमें सड़क सुरक्षा व मवेशियों की समस्या के निदान पर जानकारी देनी होगी। 9 सितम्बर को अगली सुनवाई निर्धारित की गई है।



■ रोड सेफ्टी और हाईवे पर आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

सड़कों की खराब स्थिति, रोड सेफ्टी और हाईवे पर आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में पहले हुई सुनवाई के दौरान राज्य की एजेंसियों की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई थी। कोर्ट कमिश्नरों की रिपोर्ट और संबंधित विभागों के अनुपालन शपथपत्र पर विचार के बाद हाईकोर्ट ने मामले को आगे की मॉनिटरिंग के लिए 28 जुलाई को पुनः सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। एफिडेविट में बताया गया था कि मवेशियों की परेशानी को कम करने के लिए आवश्यक शेड का निर्माण कराया जा रहा है और इसके जल्द पूरा होने की उम्मीद है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद राज्य प्रशासन के अधिकारियों से इनके संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी संभालने का अनुरोध किया गया है। इससे हाईवे और सड़कों पर आवारा मवेशियों की मौजूदगी से होने वाली दुर्घटनाओं की आशंका को कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### 1761 परीक्षार्थियों में से केवल 958 हुए शामिल

# एयू प्री-पीएचडी परीक्षा से छात्रों ने बनाई दूरी, 45 % रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्री-पीएचडी परीक्षा से आवेदन करने वाले बहुत से छात्र-छात्राओं ने दूरी बना ली जो यूनिवर्सिटी प्रबंधन के भी समझ से बाहर है। मंगलवार को हुई प्री-पीएचडी परीक्षा में 1761 लोगों को शामिल होना था, किन्तु केवल 958 परीक्षार्थी परीक्षा दिलाए हैं। इस तरह केवल 55 प्रतिशत परीक्षा में उपस्थित और 45 फीसदी लोग अनुपस्थित रहे।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा इस बार आयोजित प्री-पीएचडी परीक्षा में कम उपस्थिति को लेकर यूनिवर्सिटी प्रबंधन भी चिंतित है कि आखिर इतनी कम उपस्थिति क्यों है और बड़ी संख्या में आवेदन करने के बाद पीएचडी के इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा से अनुपस्थित क्यों रहे। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ऐसा मान रहा है कि कई छात्र एक्जंप्ड श्रेणी में और डीईटी दोनों श्रेणी में फार्म भर दिए थे, चूंकि एक्जंप्ड श्रेणी वालों को प्रवेश परीक्षा से छूट हैं इसलिए वे शामिल नहीं हुए। दूसरी तरफ छात्रों का कहना है कि प्री-पीएचडी परीक्षा की तिथि घोषित करने के बाद यूनिवर्सिटी द्वारा कम से कम 15 दिनों का समय दिया जाना था, किन्तु यूनिवर्सिटी द्वारा जल्दबाजी में प्रवेश परीक्षा करा दिया गया, जिससे कई लोगों को समय पर ठीक तरह से सूचना नहीं मिल पाया और वे प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएं। प्री-पीएचडी परीक्षा में आज कुल 1761 लोगों को शामिल होना था, जिसमें से केवल 958 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 703 लोग अनुपस्थित रहें। इतनी अधिक संख्या में परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति यूनिवर्सिटी प्रबंधन के भी समझ में नहीं आ रहा है।



**इन तीन सेंटरों में हुई परीक्षा**

एयू की ओर से प्री-पीएचडी परीक्षा के लिए अपने यूटीडी सहित गवर्नमेंट ई. राघवेन्द्र राव साइंस कालेज एवं गवर्नमेंट बिलासा गर्ल्स कालेज तीन जगहों पर परीक्षा सेंटर बनाया गया था। परीक्षा सुबह की शिफ्ट में 10 बजे से 12 बजे तक हुई। इसमें यूटीडी में फिजिक्स, माइक्रोबायोलाजी, मैथ्स, जूलाजी, बॉटनी, होटल मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग, बायोटेक्नोलाजी, केमेस्ट्री, कंप्यूटर साइंस विषय के 600 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें से 335 उपस्थित हुए और 265 अनुपस्थित रहें। बिलासा गर्ल्स कालेज में हिन्दी, सोशोलाजी, जाग्रफी, फिजियोलाजी, होम साइंस, इंग्लिश, कामर्स के 737 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जबकि 385 उपस्थित व 352 अनुपस्थित रहें। इसी तरह साइंस कालेज में लॉ, शिक्षा, लाइब्रेरी साइंस, पोलटिकल साइंस, इकानॉमिक्स, इतिहास विषय के 424 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जबकि 238 ही उपस्थित हुए और 186 अनुपस्थित रहे।

### 2 हजार 453 आवेदकों ने भरा था फार्म

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी के तीसरे बेच के लिए आनलाइन प्री-पीएचडी फार्म भराए गए थे। इसमें सामान्य वर्ग के लिए 1500 रुपए और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 हजार रुपए आवेदन शुल्क रखा गया था। इसके बाद भी पीएचडी के 493 सीटों के विरूद्ध 2 हजार 453 लोगों ने फार्म भरा था। इनमें से प्रवेश परीक्षा के लिए 1 हजार 761 लोग पात्र पाए गए थे, जबकि एक्जंप्ड श्रेणी वालों को प्रवेश परीक्षा में छूट रही।

### थोक में आवेदन आए पर शामिल नहीं हुए

अटल यूनिवर्सिटी में प्री-पीएचडी परीक्षा के लिए बार-बार आवेदन की तिथि बढ़ाए जाने के बाद थोक में आवेदन तो आ गए, किन्तु उसके मुकाबले परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं हुए। यूनिवर्सिटी द्वारा प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026 के लिए 23 जनवरी से आनलाइन आवेदन भराना शुरू किया गया था, जिसकी पहली अंतिम तिथि 16 फरवरी रखी गई थी, जिसे 28 फरवरी तक बढ़ाई गई, उसके बाद 7 मार्च तक तथा तीसरी बार 31 मार्च तक आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाई गई थी।

### कम रही उपस्थिति

प्री-पीएचडी परीक्षा में अच्छे ढंग से संपन्न हो गई है, किन्तु परीक्षा में उपस्थिति कम रही। इसमें कुछ लोग एक्जंप्ड श्रेणी एवं डीईटी श्रेणी दोनों में आवेदन कर दिए थे ऐसे लोग परीक्षा में नहीं आए। दूसरी ओर से जितने भी लोगों ने फीस जमा किया था, उनके फार्म में त्रुटि सुधारने के लिए पर्याप्त अवसर भी दिया गया था। इसके बाद भी पता नहीं उपस्थिति कम कम क्यों रही।

-डॉ. तारणीश गौतम
रजिस्ट्रार, एयू

## चोरी के कई मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीम ने अलग-अलग मामलों में यात्रियों का सामान चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ा है, जिसमें पेपर गैंग भी शामिल हैं। इस गिरोह में दो मुख्य आरोपी अभी भी फरार हैं। टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लाखों रुपए की संपत्ति जब्त की है।

■ आरोपियों से लाखों की संपत्ति जब्त

आरपीएफ और जीआरपी की टीम को रायपुर पंडरी के पुलिस थाने से चोरी कर आरोपियों के फरार होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद टीम ने सभी ट्रेनों की जांच शुरू कर दी। आरपीएफ की अनुरक्षण टीम ने समता एक्सप्रेस के स्लीपर कोच एस 3 कोच से दो संदिग्ध बिहार बांका निवासी महेन्द्र यादव एवं पिंटू यादव ने ट्रेन में यात्रियों के सामान और जेवरात चोरी करना स्वीकार किया। टीम ने आरोपियों के कब्जे से 51.50 लाख रुपए नकद और 18.50 लाख रुपए के जेवरात सहित 70 लाख रुपए के सामान जब्त कर एंटी सायबर यूनिट रायपुर के सुपुर्द कर दिया है। वहीं 19 जुलाई को 20844 भगत की कोठी एक्सप्रेस के एसी कोच ए 2 में 4.50 लाख रुपए के जेवरात चोरी की घटना पर जीआरपी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर लिया। मंडल टास्क टीम की टीम ने डोंगरगढ़ निवासी नवीन पटेल और नीतिन पटेल को गिरफ्तार कर जीआरपी को सुपुर्द कर दिया है।

इसी तरह बिलासपुर और आरपीएफ की टीम ने एक अलग मामले में भी कार्रवाई करते हुए पेपर गैंग के आरोपियों को पकड़ा है। जानकारी के अनुसार 12 जुलाई को 58214 टिटलागढ़ पैसेंजर में रायगढ़ निवासी यज्ञ नारायण सोनी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बिलासपुर से रायगढ़ तक सफर कर रहे थे। उनके बैग में रखे लाखों रुपए के सोने के जेवरात बीच में किसी ने पार कर दिया। आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर शहर में छापामार कार्रवाई करते हुए 6 आरोपियों मुंगेर बिहार निवासी छत्तीस कुमार 42 साल, बरियारपुर निवासी सागर 23 साल, मुंगेर निवासी पिंटू राज 38 साल, उदय कुमार 35 साल, शिंटू कुमार 29 साल और हिमांशु कुमार 20 साल को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरोह के मुख्य आरोपी रणजीत कुमार मंडल और दीपक कुमार मंडल मौके से फरार हो गए थे। दोनों फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी गई है।

## वकील से 47 लाख 60 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** फॉरेक्स ट्रेडिंग और ड्रॉपशिपिंग बिजनेस में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने शहर के एक वकील से 47 लाख 60 हजार रुपए से अधिक की ठगी कर ली। मामले में सरकंडा पुलिस ने दो महिलाओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

■ फॉरेक्स ट्रेडिंग और ड्रॉपशिपिंग के नाम पर ठगी

सरकंडा टीआई प्रदीप आर्य ने बताया कि राजकिशोर नगर निवासी सुरेन्द्र कुमार देवांगन (42) वकील हैं। उन्होंने पुलिस को बताया की जून 2026 में फेसबुक के माध्यम से अदिति मल्होत्रा और प्रिया शर्मा नाम बताने वाली दो महिलाओं से पहचान हुई। दोनों ने खुद को कई साल से ड्रॉपशिपिंग बिजनेस और फॉरेक्स ट्रेडिंग से जुड़ा बताते हुए अधिक मुनाफे का भरोसा दिलाया। इसके बाद वे अलग-अलग वेबसाइटों पर खाता खुलवाकर अलग-अलग बैंक खातों में आरटीजीएस, एनईएफटी, आईएमपीएस और यूपीआई के जरिए निवेश कराने लगीं। 14 जुलाई से 20 जुलाई के बीच सुरेन्द्र देवांगन ने उनके बताए खातों में कुल 47 लाख 60 हजार 125 रुपये जमा कर दिए। जब उन्होंने अपने रुपये निकालने का प्रयास किया तो आरोपियों ने कन्वर्जन फीस, प्रोसेसिंग चार्ज, गारंटी मनी समेत अन्य शुल्क के नाम पर और रकम मांगनी शुरू कर दी। अतिरिक्त राशि देने से इनकार करने पर उनका ट्रेडिंग अकाउंट ब्लॉक कर दिया गया और जमा रकम वापस नहीं की गई। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपियों ने इसी तरह ईमलीभाठा निवासी मनोज कुमार कार्के से भी तीन लाख रुपये की ठगी की है। उनकी शिकायत भी साइबर सेल में दर्ज है। सरकंडा पुलिस ने मामला दर्ज कर मोबाइल नंबरों और बैंक खातों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## जहरीले सर्प के डसने से बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचरा के खसरिया पारा में जहरीले करैत सांप के डसने से 9 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। वहीं परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। रात को हंसते-खेलते सोई बच्ची की सुबह मौत की खबर ने लोगों को झकझोर कर रख दिया।

मिली जानकारी के अनुसार, शालनी अघरिया 9 वर्ष, पिता लक्ष्मीप्रसाद अघरिया, गांव के प्राथमिक विद्यालय में तीसरी कक्षा की छात्रा थी। सोमवार रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान रात करीब 2:30 बजे एक जहरीला करैत सांप घर में घुस आया और सो रही बच्ची के हाथ की उंगली पर डस लिया। कुछ देर बाद परिजनों की नजर सांप पर पड़ी तो अफरा-तफरी मच गई। बच्ची के हाथ में सांप के काटने का निशान





देखकर परिजन उसे तत्काल रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। सिम्स में डॉक्टरों ने बच्ची को बचाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में भी इस घटना के बाद मातम का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लगातार हो रहीं घटनाएं

खास बात यह है कि बारिश के दिनों में जहरीले सांप निकलने की घटनाएं बढ़ चुकी है। करैत जैसे अत्यंत विषैले सांप अक्सर घरों में घुस आते हैं। सांप काटने पर समय रहते अस्पताल पहुंचना बेहद जरूरी होता है, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सांपों से बचाव और प्राथमिक सावधानियों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है।

### शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर छात्र को पीटा

**बिलासपुर।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट की गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा बंधवापारा निवासी विक्रम सिंह ठाकुर कक्षा बारहवीं की पढ़ाई कर रहे हैं। 28 जुलाई की रात 12.30 बजे वह अपने दोस्त शुभ तिवारी, शनि मानिकपुरी के साथ इलेक्ट्रिक गाड़ी में राजेन्द्रनगर चौक से सरकण्डा बंधवापारा जा रहे थे। देवकीनंदन चौक बाजपेयी ग्राउंड के पास अमन गुप्ता एवं उसके साथियों ने गाड़ी रोककर विक्रम सिंह से शराब पीने के लिए पैसा मांगे। मना करने पर युवकों ने उसके साथ हाथ मुक्का से बेरहमीपूर्वक मारपीट की गई है। दोनों दोस्तों के द्वारा बीच बचाव किया गया है। बड़े भाई विवेक सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अमन गुप्ता एवं अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षिका अस्पताल में भर्ती 7 दिन में टक्कर मारने वाले को खोज नहीं पाई पुलिस

**बिलासपुर।** वेयर हाउस रोड पर शिक्षिका को काले रंग की गाड़ी का चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। घायल छात्रा की स्थिति नाजुक बनी हुई है। वहीं 7 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस गाड़ी व चालक को नहीं खोज पाई है। परिजन ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

सरकण्डा जोरापारा निवासी अंकिता स्वर्णकार पिता अनिल स्वर्णकार सेंट फ्रांसिस स्कूल में शिक्षिका हैं। 21 जुलाई की सुबह 6.50 बजे अंकिता स्कूल जाने के लिए घर से निकली थीं। सिंधी कालोनी स्मार्ट रोड चौक से 50 मीटर पहले कंगेरी डेंटल क्लीनिक के पास एक अज्ञात काली गाड़ी के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी और फरार हो गया। गंभीर अवस्था में शिक्षिका को इलाज के लिए श्रीराम केयर हास्पिटल में भर्ती कराया गया,



जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। 22 जुलाई को सिविल लाइन पुलिस ने उक्त मामले में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 ए के तहत जुर्म दर्ज किया था।

7 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस करने वाली काले रंग की गाड़ी व चालक को खोज नहीं पाई है। परिजन ने आरोप लगाया है पुलिस गाड़ी व चालक को खोजने का कोई प्रयास नहीं कर रही है। परिजन ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर गाड़ी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## दूसरे की जमीन को अपनी बताकर 10 लाख की ठगी, दो पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दूसरे की जमीन को अपनी बताकर 50 लाख रुपए सौदा कर 10 लाख रुपए एडवांस लेकर ठगी करने वाले दो भाइयों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, मंगला गजमोहनी परिसर निवासी रोहित कुमार पिता स्व. मंगलेश्वर मनोहर की जान पहचान सकरी सालासार ट्रेडर्स के संचालक प्रवीण अग्रवाल पिता संपत अग्रवाल, उसके भाई प्रियंक अग्रवाल से हुई थी। 28 अक्टूबर को दोनों भाईयों ने उनसे संपर्क कर कहा उन्हें पैसे की बहुत आवश्यकता है। उनका एक प्लाट तोरवा चैतन्य टेक्नो स्कूल के पास है, वे उसे बेचना चाहते हैं। दोनों के साथ जाकर जमीन उन्होंने जमीन देखा, फिर उनके बीच 50 लाख रुपए में जमीन का सौदा तय हो गया। उन्होंने 1 नवंबर 2023 को उन्हें 10 लाख रुपए बैंक के माध्यम से उनके दुकान के बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। शेष रकम जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद देने की बात हुई थी। उसके बाद दोनों भाई जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए घुमाने लगे। उन्होंने जमीन के संबंध में पता किया तो उक्त जमीन उनकी नहीं थी। उन्होंने अपना पैसा वाप मांगा तो दोनों भाई लौटाने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर दोनों भाईयों के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### फर्जी वाट्सएप नम्बर से चेटिंग कर 5 लाख की ठगी

तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, लिंक रोड हंसा विहार निवासी विकास शिवदसानी अमन अग्रवाल के कार्यालय में काम करते हैं। 14 जुलाई को उनके मोबाइल पर मालिक अमन अग्रवाल के वाट्सएप नम्बर में मैसेज किया गया है। वाट्सएप नम्बर के डीबी में मालिक श्री अग्रवाल की फोटो लगी हुई थी। चेटिंग करते हुए पैसे की आवश्यकता बताते हुए 5 लाख रुपए मांगा गया। श्री शिवदसानी ने आरटीजीएस के माध्यम से बताए गए बैंक खाते में 5 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया। पुलिस ने अज्ञात मोबाइलधारक पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

### किराए में दो ट्रक लेकर भागा

सकरी पुलिस के अनुसार, रामा लाईफ सिटी निवासी सालासर ट्रेडर्स के संचालक प्रवीण कुमार अग्रवाल ने दो 12 चक्का वाहन क्रमांक सीजी 10 एव्ही, 9936, सीजी 10 एयू, 9936 को 28 अग्रस्त 2024 को रायपुर राजा तालाब निवासी अफताफ कुरैशी को किराए में चलाने के लिए दिया था। कुछ माह तक वह किराया की रकम दे रहा था। उसके बाद 20 माह का किराया 4 लाख 40 हजार नहीं दिया गया है। किराया मांगने पर झूठे केस में फंसा देने की धमकी दे रहा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411